

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 105 गुरुवार, 28 मई 2026 ज्येष्ठ शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति की सिफारिश, कॉलेजियम ने केंद्र को भेजे ये नाम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार को पांच नामों की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शील नागू, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस श्री चंद्रशेखर, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण पाली और वरिष्ठ वकील वी मोहन को सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है।



### अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें और बढ़ीं

**कोलकाता।** कोलकाता के भवानीपुर पुलिस स्टेशन में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी के खिलाफ एक नई पुलिस शिकायत दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने बंगाल विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने से दो दिन पहले सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बयान दिए थे। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर बुधवार को कोलकाता के भवानीपुर पुलिस स्टेशन में एक नई पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अभिषेक बनर्जी ने 2 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित होने से दो दिन पहले सोशल मीडिया पर ऐसी टिप्पणियां की थीं, जो राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती थी।

## 'मोदी-प्रधान की जोड़ी जवाबदेह': नीट छात्र प्रदीप के परिवार से मिले राहुल गांधी, पेपर लीक पर केंद्र को घेरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट अभ्यर्थी प्रदीप मेघवाल के परिवार से मुलाकात कर मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि नीट-यूजी पेपर लीक ने लाखों छात्रों के सपनों को तोड़ दिया है।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले को लेकर देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को राजस्थान के सीकर में आत्महत्या करने वाले नीट अभ्यर्थी प्रदीप मेघवाल के परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि प्रदीप मेघवाल की मौत केवल आत्महत्या नहीं, बल्कि एक टूटी हुई और भ्रष्ट व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस पूरे मामले के लिए जवाबदेह ठहराया।



दिल्ली स्थित एनएसयूआई कार्यालय में परिवार से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश के लाखों छात्र पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य के दबाव में जी रहे हैं। ऐसे में जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तो केवल परीक्षा ही नहीं टूटती, बल्कि छात्रों के सपने और पूरे परिवार की उम्मीदें बिखर जाती हैं। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा "आज कुछ नीट अभ्यर्थियों ने मुझसे कहा कि अब इस व्यवस्था पर हमें कोई भरोसा नहीं रहा। उनका गुस्सा साफ दिख रहा था और उनके सब्र का बांध टूट चुका है। देश का युवा अब भ्रष्टाचार और बेरुखी को और बर्दाश्त नहीं करेगा।"

## भारत-पाक सीमा पर चलेगा बुलडोजर, गृह मंत्रालय के सख्त निर्देश

एजेंसी

**दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को देश की सीमाओं के 15 किलोमीटर के दायरे में अवैध निर्माणों के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त न करने की नीति' को सख्ती से लागू करने और पिछले कुछ वर्षों में बने ऐसे सभी ढांचों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने जिला मजिस्ट्रेटों को सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी बैंकों द्वारा बैंकिंग लेनदेन के कानूनी और वित्तीय अनुपालन को सुनिश्चित करने, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करने, उनके वित्तपोषण स्रोतों की जांच करने, फर्जी खातों और फर्जी कंपनियों का पता लगाने, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करने और सीमा पार



तस्करी को नियंत्रित करने की बढ़ी हुई जिम्मेदारी सौंपी है।

बीकानेर में एक सिक्योरिटी रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए शाह ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर राजस्थान के बॉर्डर जिलों में सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दों का मूल्यांकन किया। इस बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और पांच सीमावर्ती जिलों – बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्री गंगानगर और फलोदी के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सीमावर्ती जिलों को अपराधों और मादक पदार्थों की समस्या के स्रोतों, स्वरूपों और नेटवर्क का गहन अध्ययन करने और स्थायी समाधान विकसित करने का निर्देश दिया गया है ताकि ये समस्याएं दोबारा न उभरें। शाह ने नागरिकों, सरकारी तंत्र और सुरक्षा एजेंसियों को शामिल करते हुए प्रत्येक सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा कवच तैयार करने पर जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्री ने अवैध निर्माणों, विशेष रूप से आंतरिक सीमाओं के 0 से 15 किलोमीटर के भीतर, के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति को सख्ती से लागू करने और ऐसी सभी संरचनाओं को ध्वस्त करने का आह्वान किया है। उन्होंने घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी, अतिक्रमण, आतंकवाद के वित्तपोषण और अन्य सीमा पार अपराधों से निपटने के लिए बीएसएफ, सीबीडीटी, एनसीबी और राज्य तंत्र को शामिल करते हुए सीमा प्रबंधन के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया।

# फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा भारत, टेंशन में यूक्रेन

एजेंसी

**कीव/पेरिस :** भारत सैन्य इतिहास का सबसे बड़ा डिफेंस डील करने जा रहा है। 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के लिए भारत और फ्रांस के बीच करीब 35 से 40 अरब डॉलर के बीच समझौता हो सकता है। भारत ने 'लेटर ऑफ़ रिक्वेस्ट' यानि LoR को मंजूरी दे दी है जिसे अब जल्द ही पेरिस भेजा जाएगा। वहीं इस सौदे के तहत 114 राफेल विमानों में से 90 विमानों का निर्माण 'स्थानीय' शर्तों के तहत किया जाएगा जिसके लिए 50% पुर्जों का उत्पादन भारत में ही होना जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून के आखिर में फ्रांस की यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं। इस यात्रा से पहले अगले महीने की शुरुआत में भारतीय वायु सेना के प्रमुख फ्रांस का दौरा करेंगे।

114 राफेल जेट्स का कॉन्ट्रैक्ट इस साल के आखिर तक साइन होने की उम्मीद है। इस डील के तहत भारत फाइटर जेट के वेपन कंट्रोल सिस्टम



इंटरफेस तक पहुंच बनाकर अपने खुद के हथियार जिनमें Astra एयर-टू-एयर मिसाइल और ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल शामिल हैं उन्हें इंटीग्रेट करने के लिए बातचीत चल रही है। लेकिन भारत और फ्रांस के बीच होने वाले इस डील से यूक्रेन की चिंताएं बढ़ी हुई हैं।

दरअसल यूक्रेन की वायु सेना ने 100 राफेल जेट खरीदने की योजना की घोषणा की है लेकिन ये योजनाएं अब अनिश्चित होती जा रही हैं। फिलहाल फंडिंग सबसे बड़ा मुद्दा है क्योंकि भारत 114 राफ़ेल जेट पर लगभग 40 अरब डॉलर खर्च करने की तैयारी कर रहा है। इस महाडील के तहत भारत में ही प्रोडक्शन लाइन का निर्माण होगा और स्थानीय स्तर पर राफेल लड़ाकू विमान बनाए जाएंगे। यूक्रेनी अखबार डिफेंस एक्सप्रेस के मुताबिक फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के पास पहले से ही लगभग 220 राफेल विमानों का ऑर्डर पेंडिंग है। कंपनी साल में करीब 26-30 विमान ही बना पाती है। यदि भारत 114 विमानों का एक और विशाल ऑर्डर देता है तो डसॉल्ट का बैकलाग 50% से ज्यादा बढ़ जाएगा। ऐसे में फ्रांस के अपने रक्षा बेड़े और यूक्रेन या अन्य यूरोपीय सहयोगियों को दी जाने वाली तात्कालिक सैन्य सहायता या हथियारों की डिलीवरी टाइमलाइन बहुत पीछे खिसक जाएगी।डिफेंस एक्सप्रेस ने प्रोपेगेंडा फैलाते हुए लिखा है कि भारत लगातार फ्रांस पर दबाव बना रहा है कि वह राफेल के सॉफ्टवेयर इंटरफेस यानि सोर्स कोड तक भारत को पहुंच दे ताकि भारतीय इंजीनियर विमान में ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइलों को सीधे जोड़ सकें।


इसने लिखा है कि चिंता की बात यह है कि ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है। फ्रांस और पश्चिमी देशों को डर है कि यदि भारत को राफेल के गुप्त सॉफ्टवेयर कोड मिल गए तो ब्रह्मोस इंटीग्रेशन के बहाने रूसी इंजीनियर फ्रांस के सबसे एडवांस राफेल F4/F5 विमानों के कॉम्बैट एल्गोरिदम और रडार तकनीक को डीकोड या लीक कर सकते हैं जिसका सीधा फायदा रूस को यूक्रेन युद्ध में मिलेगा।

## एसआईआर वैध, चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची की जांच का पूरा अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव आयोग के पास एसआईआर का अधिकार है। एसआईआर पर दायर यायिकाओं से जुड़े मामले में सर्वोच्च अदालत ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने के भारत निर्वाचन आयोग के अधिकार को बरकरार रखा है। अदालत ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि ईसीआई ने एसआईआर का प्रयोग करके अपनी वैधानिक शक्तियों के बाहर जाकर कार्य किया है। इसे 'अल्ट्रा वायर्स' भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह कार्य-प्रणाली उस सामान्य प्रक्रिया से भिन्न है जो आमतौर पर अपनाई जाती है।

एसआईआर पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी पक्षों की अलग-अलग दलीलों पर गौर करने के बाद, और घटनाओं के क्रम को देखने के बाद, पार्टियों की ओर से पेश की गई दलीलों और रिकॉर्ड में रखी गई सामग्री को देखने के बाद, हमारा मानना है कि इन मुद्दों का एनालिसिस करने की ज़रूरत है। सीजेआई ने तीन सवालों के जरिए



### एसआईआरा पर सीजेआई के तीन सवाल

क्या भारत के इलेक्शन कमीशन के पास SIR जैसी कार्रवाई करने का अधिकार है?

क्या SIR के तहत जांच किसी जायज़ मकसद पर आधारित है और अगर ऐसा है, तो क्या इलेक्शन कमीशन द्वारा अपनाए गए उपाय, हासिल किए जाने वाले लक्ष्यों के हिसाब से सही हैं?

क्या SIR के तहत जांच करने में इलेक्शन कमीशन द्वारा अपनाया गया तरीका रिप्रेजेंटेशन ऑफ़ द पीपल एक्ट, 1950 के नियमों के खिलाफ़ है या उनका उल्लंघन करता है?

अपनी बात रखीं। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि जब कानून खुद ही किसी भी समय, दर्ज किए जाने वाले कारणों के आधार पर और उस तरीके से, जिसे चुनाव आयोग उचित समझे, एक विशेष संशोधन की अनुमति देता है तो इस विवादित प्रक्रिया को केवल इसलिए अमान्य नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित संशोधन के लिए तय की गई सामान्य प्रक्रियाओं के हर पहलू के अनुरूप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में, यह विवादित एसआईआर, 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' (Representation of the People Act) और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है। बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर, अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है।

## जनता को धो-पटककर सुखा देगी भाजपा में नहीं रहा करेंट: अखिलेश

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर बिजली संकट, फर्जी एनकाउंटर और खराब कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा से नाराज है और अगला चुनाव सरकार के खिलाफ जाएगा। बिजली कटौती, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर प्रदेश की राजनीति लगातार गर्म होती जा रही है।

अखिलेश यादव ने बुधवार को फिर से भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने अपने X अकाउंट से लिखा- अगले चुनाव में जनता भाजपा को धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधे पर



हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी। क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के ख़िलाफ़ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। भाजपा में अब करंट नहीं रहा। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साज़िश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते। वहीं, मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की थी। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है। इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं। ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है।

## सैन फ्रांसिस्को जा रहा एयर इंडिया का विमान लौटा दिल्ली, 8 घंटे हवा में अटकी रही 230 यात्रियों की जान

एजेंसी

**दिल्ली।** एयर इंडिया का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रहा एक विमान बुधवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण आठ घंटे से अधिक समय तक हवा में रहने के बाद दिल्ली लौट आया। विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी। विमान में लगभग 230 यात्री सवार थे और तीन घंटे से अधिक समय तक चीन के हवाई क्षेत्र में रहने के बाद यह वापस राष्ट्रीय राजधानी की ओर लौट आया।

एयर इंडिया ने एक बयान में बताया कि बोइंग 777-300 ईआर द्वारा संचालित उड़ान संख्या एआई173 ने दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान भरी थी लेकिन मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुरूप विमान राजधानी लौट आया। एयरइंडिया ने बताया, "विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और विमानन कंपनी के सुरक्षा मानकों के अनुसार इसकी तकनीकी जांच की जाएगी।" एयरइंडिया के मुताबिक, विमानन





कंपनी यात्रियों के लिए वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था कर रही है और जलपान, होटल में ठहरने और यात्रा का समय बदलने जैसे सहायता विकल्प उपलब्ध करा रही है। कंपनी ने तकनीकी समस्या की प्रकृति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उड़ानों के परिचालन पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, तीन घंटे से अधिक समय तक चीन के हवाई क्षेत्र में रहने के बाद विमान राष्ट्रीय राजधानी की ओर लौट आया। एयरइंडिया ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन की सभी तैयारियां पूरी सिद्धारमैया आज दोपहर 3 बजे दे सकते हैं इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कल दोपहर 3 बजे इस्तीफा दे सकते हैं। इससे पहले राज्य में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के अगले मुख्यमंत्री बनने का रास्ता लगभग साफ माना जा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान के साथ हुई मैराथन बैठकों के बाद यह फैसला आकार लेता दिख रहा है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व ने सिद्धारमैया को पद छोड़ने के लिए मना लिया है, ताकि सत्ता का ट्रांजिशन बिना टकराव के पूरा हो सके। बताया जा रहा है कि उन्हें राज्यसभा सीट, दिल्ली की राजनीति में बड़ी भूमिका और उनके समर्थकों को नई सरकार में पर्याप्त प्रतिनिधित्व का ऑफर दिया गया है।



राजनीतिक हलचल के बीच आज एक और अहम घटनाक्रम हो रहा है। पिछड़ा वर्ग आयोग आज शाम 5 बजे जाति जनगणना की रिपोर्ट सीएम सिद्धारमैया को सौंपेगा। दिलचस्प बात यह है कि सिद्धारमैया इस सर्वे के सबसे बड़े समर्थकों में रहे हैं। पुराने सर्वे को दबाव में ठंडे बस्ते में डालने के बाद उन्होंने नया सर्वे शुरू कराया था। ऐसे में इस्तीफे से ठीक पहले यह रिपोर्ट सौंपा जाना राजनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इधर, कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आरवी देशपांडे ने भी दावा किया है कि स्वयं सिद्धारमैया ने उनसे इस्तीफे की बात कही थी। वहीं, खबरें हैं कि उन्होंने राजभवन जाकर राज्यपाल से मिलने का समय भी मांगा है. सूत्रों के मुताबिक, डीके शिवकुमार के साथ हालिया मुलाकात और दिल्ली में हाईकमान की सहमति के बाद सत्ता परिवर्तन की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। हालांकि, सिद्धारमैया खेमे के कुछ मंत्री और समर्थक अब भी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं और चाहते हैं कि वह पद पर बने रहें।

## पीएम ने की ऑस्ट्रेलिया, जापान के विदेश मंत्रियों से मुलाकात

एजेंसी

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ दोनों देशों के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से भी मुलाकात की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में 'भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इससे पहले दिन में भारत ने यहां 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी की, जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग और जापानी विदेश मंत्री मोटेगी शामिल



हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग का स्वागत करके खुशी हुई। हमने रक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने जैसे क्षेत्रों में बढ़ते भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक संबंधों पर चर्चा की। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे।" एक अन्य पोस्ट में मोदी ने कहा, "जापान के विदेश मंत्री श्री तोशिमित्सु मोटेगी का स्वागत करके अत्यंत प्रसन्नता हुई। हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे आगे शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।"

समारोह | सिक्किम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

## शिक्षा महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे बड़ा माध्यम

एजेंसी

**गंगटोक।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने छात्राओं की सफलता को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और युवाओं से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सिक्किम विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में कहा कि मेडल पाने वाले छात्रों में बड़ी संख्या छात्राओं की होना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। गंगटोक में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शैक्षणिक उपलब्धियों में छात्राओं की सफलता यह दिखाती है कि शिक्षा न केवल जीवन बदलती है, बल्कि समाज





को भी मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि मेडल प्राप्त करने वाले 70 प्रतिशत छात्र छात्राएं हैं। शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का इससे बेहतर उदाहरण नहीं हो सकता। उल्लेखनीय है कि इससे पहले खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति का भारत-चीन सीमा स्थित नाथू ला दौरा रद्द कर दिया गया। वहां उनका सेना के जवानों से बातचीत का कार्यक्रम निर्धारित था। राष्ट्रपति ने छात्राओं की मेहनत, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कई 'मंत्र' भी दिए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें, दूसरों से सीखें, सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ें, अपने लक्ष्य तय करें और विकसित भारत के निर्माण में आत्मनिर्भर योगदानकर्ता बनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने बुधवार को शुरू की गई महिलाओं के लिए विशेष बस सेवा 'पिंक सिटी रनर-आमा दिदी बहिनी बस सेवा' का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस पहल में शामिल होने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग का आभार जताया। गंगटोक में शुरू की गई यह बस सेवा पूरी तरह महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित होगी और केवल महिला यात्रियों के लिए समर्पित है।

अपने तीन दिवसीय सिक्किम दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति ने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण की भी सराहना की। उन्होंने कंचनजंघा पर्वत को सिक्किम का आराध्य देवता बताते हुए कहा कि राज्य ने विकास और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि 2016 में सिक्किम का देश का पहला जैविक राज्य बनना सतत विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने राज्य को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

## सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़: ईडी ने दिल्ली और असम में रात भर की छापेमारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह के खिलाफ ईडी ने असम और दिल्ली में छापेमारी की। इस दौरान 13 लाख रुपये नकद, तीन लग्जरी कारें और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। आरोपी व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए सट्टा गिरोह चलाते थे। एजेंसी ने अवैध लेनदेन वाले बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बताया कि उसने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह से जुड़े धन शोधन मामले में असम और दिल्ली में रात भर छापेमारी की। यह तलाशी अभियान 26 मई की देर रात शुरू हुआ था। ईडी की टीमों ने गुवाहाटी, तिनसुकिया और नई दिल्ली में संदिग्धों के ठिकानों पर कार्रवाई की। यह पूरी कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) के नियमों के तहत की गई।


यह जांच गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस की एक एफआईआर से शुरू हुई थी। इस एफआईआर में दीपेश बाजोरिया, रौनक बाजोरिया, राजेश जैन और अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। इन पर असम गेम एंड बेटिंग एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। बाद में ईडी ने तिनसुकिया पुलिस स्टेशन में दर्ज दो और एफआईआर को भी अपनी जांच में शामिल कर लिया। ये मामले एक आपस में जुड़े हुए सिंडिकेट से संबंधित थे जो आईपीएल सट्टेबाजी का काम देख रहे थे।

जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपी एक बहुत ही संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत सट्टेबाजी गिरोह चला रहे थे। वे आईपीएल मैचों पर सट्टा लेने के लिए व्हाट्सएप, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम जैसे ऐप का उपयोग करते थे। इसके अलावा विदेशी ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल होता था। सट्टेबाजी से मिलने वाला पैसा नकद और यूपीआई या बैंक ट्रांसफर के जरिए लिया जाता था। इस काली कमाई को छिपाने के लिए परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क का सहारा लिया गया।

# नशे में धुत कार सवारों का शहर में कहर, कई लोग घायल

- भीड़ ने कार घेरकर किया हंगामा, आरोपी वाहन छोड़कर फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर शाम नशे में धुत कार सवार युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्होंने कई लोगों को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, कार सवार युवकों ने सबसे पहले कंपनी बाग क्षेत्र में एक कार मैकेनिक के साथ मारपीट की और वहां से तेज गति में फरार हो गए। इसके बाद वाटर वर्क्स रोड पर उन्होंने लापरवाही से वाहन चलाते हुए राहगीरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। इसी दौरान जवाहरपुरी कॉलोनी निवासी सुंदरम उर्फ लालू अपने बच्चों के साथ स्कूटी से जा रहे थे, तभी कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुंदरम घायल हो गए, जबकि उनके बच्चे बाल-बाल बच गए।

इसके बाद कार सवारों ने वाटर वर्क्स क्षेत्र में रेहान नामक युवक को भी टक्कर मार दी। लगातार हो रही घटनाओं से गुस्साए स्थानीय लोगों ने कार का पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा किए जाने पर आरोपी पंडित जी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, जहां उन्होंने अचानक वाहन को पीछे मोड़ते हुए वहां मौजूद अन्य लोगों को भी टक्कर मार दी। आखिरकार गांधी ग्राउंड के पास लोगों ने कार को घेर लिया, लेकिन आरोपी युवक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। गुस्साई भीड़ ने कार में तोड़फोड़ कर दी। सूचना मिलने पर सिविल लाइंस और सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# पेट दर्द और उल्टी से बिगड़ी हालत, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शाहजहांपुर जनपद के कलान थाना क्षेत्र के पटना देवकली गांव निवासी 18 वर्षीय बागेश पुत्र राजपाल की बदायूं शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



परिजनों के अनुसार बागेश को अचानक उल्टी और पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। शुरुआत में घर पर ही उपचार किया गया, लेकिन जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और दर्द बढ़ता गया, तो परिजन उसे तत्काल बदायूं के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही समय में उसकी हालत और गंभीर होती चली गई।

डॉक्टरों द्वारा लगातार उपचार के प्रयास किए गए, लेकिन बागेश की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो सका और इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और अस्पताल परिसर में भी लोगों की भीड़ जमा हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

अचानक हुई इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं। गांव में शोक का माहौल है और मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा हुआ है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है।

# पेड़ पर लटकता मिला मजदूर का शव, गांव में मचा हड़कंप

## हरियाणा में करता था मजदूरी, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना इस्लामनगर क्षेत्र के बेहटा पाठक गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव गांव के जंगल में नदी किनारे पेड़ पर लटका मिला। मृतक की पहचान गांव निवासी 20 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रंजीत के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर था। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह गांव के कुछ किसान जंगल में घास काटने गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पेड़ से लटकते एक युवक पर पड़ी। पास जाकर देखने पर उन्होंने युवक की पहचान जितेंद्र के रूप में की। यह दृश्य देखते ही किसानों के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जितेंद्र के परिजन जानकारी देते हुए। -जागरण मोर्चा



जितेंद्र का फाइल फोटो।

बताया जा रहा है कि मृतक जितेंद्र तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। वह हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था और कुछ समय पहले ही गांव लौटा था। घटना के पीछे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। थाना इस्लामनगर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। गांव में इस घटना के बाद शोक का माहौल बना हुआ है।

# आज मनाया जाएगा ईद का पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** ईद उल अज़हा का त्यौहार "आज" 28 मई को मनाया जाएगा। जिसे लेकर ईदगाहों, खानकाह और मस्जिदों में नमाज के बक्त को तय कर दिया गया है। नगर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। नगर की सबसे पहली नमाज बिलाल मस्जिद में सुबह 6:30 बजे होगी। हाजी बाबा खानकाह में ईद की नमाज सुबह 6:30 बजे होगी। नगर की जामा मस्जिद में 7:00 हाफिज अब्दुल मुक्तदिर अहमद, कादरी मस्जिद में सुबह 7:00 बजे मौलाना अफलाक रजा उवैसी, मस्जिद बिलाल में सुबह 6:30 बजे हाफिज शादाब रजा उवैसी, नफीस मस्जिद में सुबह 7:30 बजे हाफिज मजहर खान, मदीना मस्जिद में सुबह 7:30 मौलाना रफीक खां, मुंसिफी वाली मस्जिद में सुबह 8:00 बजे हाफिज इमरान अदा कराएंगे। इधर ग्राम पपगांव में ईद की नमाज सुबह 9:00 बजे मौलाना असलम रजा नूरी, गांव दवतोरा ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे मौलाना तस्लीम रजा अदा कराएंगे। लक्ष्मीपुर की ईदगाह बिलाल मस्जिद में सुबह 8:00 बजे हाफिज अब्दुल हकीम रिज़वी अदा कराएंगे। ग्राम मौजमपुर की ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8:00 बजे हाफिज अब्दुल हक रिजवी अदा कराएंगे।



## सार संक्षेप

### बदायूं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य हटाए गए, झांसी से तैनाती, डॉ.शिव कुमार होंगे नए प्राचार्य

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगातार हो रहे विवादों और हाल ही में एक महिला के गलत ऑपरेशन के बाद हुई मौत के मामले में शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश शासन ने गंभीरता दिखाते हुए प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके स्थान पर झांसी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार को तैनात किया है। मेडिकल कॉलेज में लापरवाही और विवादों के मामले लगातार शासन तक पहुँच रहे थे। हाल ही में हजरतपुर की रहने वाली महिला शोभा चौहान का गलत ऑपरेशन किए जाने का गंभीर मामला सामने आया, जिसकी बुधवार को मौत हो गई। इस घटना को लेकर मंगलवार को कॉलेज परिसर में भारी हंगामा हुआ था, जिसकी गूंज लखनऊ तक पहुँची। लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 के विशेष सचिव कृतिका शर्मा और संयुक्त सचिव आनंद कुमार त्रिपाठी द्वारा 26 मई को तबादला आदेश जारी किया गया, जो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आदेश के अनुसार, जनहित में डॉ. अरुण कुमार को हटाकर राजकीय मेडिकल कॉलेज झांसी के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार को बदायूं का नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है। शासन ने नए प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

### कछला व अटैना घाट पर व्यवस्थाओं के संबंध में डीएम ने की बैठक

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहुत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभिन्न पर्व व स्नान घटना रहित हो, इस प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएं जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा हो। कलेक्ट्रेट स्टेट अटल बिहारी वाजपेई सभागार में बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर स्थाई रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था करने तथा पार्किंग व स्नान सीमा आदि हेतु बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकाश, पार्किंग, बैरिकेडिंग, डेंजर जोन, सेक्टर/जोन आदि को प्रदर्शित करने वाले संकेतक भी आवश्यक रूप से लगाए जांए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य घाटों पर भी व्यवस्थाएं कराई जाएं।



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

### रघुनाथ जी मंदिर का वार्षिकोत्सव व विष्णु महायज्ञ श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न

**बदायूं।** शहर के रघुनाथ मंदिर (पंजाबी मंदिर), में आयोजित रघुनाथ मंदिर का वार्षिकोत्सव व विष्णु महायज्ञ एवं विशाल भंडारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कई दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त करते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मई से मातृशक्ति द्वारा श्रद्धापूर्वक रामचरितमानस नवान्ह पाठ के साथ हुआ। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में गूंजती चौपाइयों, रामनाम संकीर्तन एवं मधुर भजनों ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिरस एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। 24 मई को आयोजित "भक्ति की स्वरांजलि – राधा कृष्ण चरणों में" कार्यक्रम एवं राम नवमी शोभायात्रा की सेवाओं में सम्मिलित संस्थाओं के सम्मान समारोह में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर श्री बाल दुर्गा मंडल, श्री सुंदरकांड पाठ समिति एवं श्री विश्व हिन्दू परिषद महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। 25 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञाचार्य श्री कृष्ण शंकर पराशरी के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इसी दिन रात्रि में आयोजित "श्री राधा नाम प्रेम उत्सव" में पूज्य श्री किशोरी शरण जी महाराज (अमन मिश्री जी) द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। 26 मई को आयोजित "एक शाम युगल सरकार के नाम" सभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार चड्ढा जी ने बताया कि सम्पूर्ण वार्षिकोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला तथा सभी कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुए।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव मिलने से सनसनी, परिजनों में मचा कोहराम



**बदायूं।** कोतवाली सहसवान क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 21 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सरसोता इलाके में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, जबकि घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार थाना उघेती क्षेत्र के गांव कोठा निवासी जितेंद्र (21) पुत्र लीलाधर मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर से निकला था। परिजनों के मुताबिक, वह अपनी पत्नी श्यामवती को बुलाने के लिए कोतवाली सहसवान के गांव जल्लूपुर स्थित अपनी ससुराल जाने की बात कहकर घर से गया था। लेकिन देर शाम तक उसके घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसी बीच बुधवार को सहसवान कोतवाली क्षेत्र के सरसोता में युवक का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, जिसके बाद मृतक की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी श्यामवती पिछले करीब छह माह से अपने मायके में रह रही थी और अपने डेढ़ साल के बेटे को भी साथ ले गई थी। जितेंद्र की शादी करीब साढ़े तीन वर्ष पहले हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके में रह रही थी, ऐसे में युवक उसे मनाकर वापस लाने के लिए गया था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, मृतक के परिजन इस घटना को संदिग्ध मानते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाने की बात कह रहे हैं। परिजनों का कहना है कि युवक अपनी पत्नी को लेने गया था, ऐसे में उसकी अचानक मौत कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में ससुराल पक्ष की भूमिका हो सकती है और वे इस संबंध में थाने में तहरीर देने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# शिप्रा पाठक की अनोखी पहल: राम मंदिर परिसर में पहली बार रोपित होंगे "राम फल" और "सीता फल" के पौधे

## आस्था, पर्यावरण और संकल्प का संगम बनी "वाटर वुमन" की प्रेरणादायक यात्रा

- 13000 किलोमीटर की पर्यावरण संरक्षण यात्रा से प्रकृति संरक्षण का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना को एक सूत्र में पिरोते हुए "वाटर वुमन" के नाम से देशभर में पहचान बना चुकी शिप्रा पाठक ने अयोध्या में एक ऐसी पहल की है, जो न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि पर्यावरणीय संदेश भी अपने भीतर समेटे हुए है। अयोध्या से रामेश्वरम् तक हजारों किलोमीटर की कठिन पदयात्रा करने वाली शिप्रा पाठक ने अब भगवान श्रीराम की नगरी में अपनी आस्था को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए श्री राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में "राम फल" और "सीता फल" के पौधे समर्पित किए हैं। विशेष बात यह रही कि मंदिर परिसर में पहली बार इन पौधों का रोपण होने जा रहा है।



बताया जाता है कि "वाटर वुमन" शिप्रा पाठक अब तक देश की विभिन्न नदियों के किनारे लगभग 13000 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी हैं। उनकी यात्राओं का उद्देश्य केवल भ्रमण नहीं बल्कि जल संरक्षण, नदी जागरूकता और पर्यावरण बचाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा है। अयोध्या से रामेश्वरम् तक की लगभग 4000 किलोमीटर लंबी पदयात्रा भी इसी अभियान का हिस्सा रही, जिसने उन्हें देश के अलग-अलग क्षेत्रों और लोगों से जोड़ा।

इसी पदयात्रा के दौरान उन्होंने एक विशेष संकल्प लिया था कि जब भी उन्हें अवसर मिलेगा, वह भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर परिसर में "राम फल" और "सीता फल" के पौधे अवश्य रोपित करेंगी। वर्षों से मन में संजोया गया यह संकल्प आखिरकार अब पूर्ण होता दिखाई दिया।

अयोध्या पहुंचने पर शिप्रा पाठक ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय से मुलाकात की। उन्होंने चंपत राय से आशीर्वाद लिया और उन्हें राम फल एवं सीता फल के पौधे भेंट किए। इस दौरान उन्होंने अपने संकल्प और यात्रा के अनुभवों को साझा किया। शिप्रा पाठक ने कहा कि अयोध्या से रामेश्वरम् तक की यात्रा के दौरान मन में एक ही भावना थी कि जब श्रीराम की कृपा होगी, तब यह संकल्प अवश्य पूरा होगा। आज वह पल आ गया है और उनके लिए यह अत्यंत भावुक क्षण है। महासचिव चंपत राय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राम मंदिर परिसर में पहली बार "राम फल" और "सीता फल" के पौधे रोपित होने जा रहे हैं। उन्होंने इसे केवल पौधारोपण नहीं बल्कि आस्था और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने वाला एक सुंदर प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता बढ़ाना बेहद आवश्यक है और ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

मंदिर प्रशासन की ओर से तत्काल इन पौधों के रोपण की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर दी गई। इससे यह पहल केवल प्रतीकात्मक न रहकर वास्तविक स्वरूप लेने जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में यह पौधे श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण और प्रेरणा का केंद्र बन सकते हैं। शिप्रा पाठक ने इस अवसर पर भावुक होकर कहा कि यह केवल पौधे लगाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आस्था और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाने वाला प्रयास है। उन्होंने कहा कि मनुष्य और प्रकृति का रिश्ता जितना मजबूत होगा, समाज उतना ही संतुलित और सुरक्षित रहेगा।

उन्होंने अपने अयोध्या आगमन को भी बेहद विशेष बताया। शिप्रा ने कहा कि अयोध्या से रामेश्वरम् तक लगभग 4000 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद यह उनका अयोध्या में पहला आगमन है और यह अनुभव उनके जीवन के सबसे भावुक और आध्यात्मिक पलों में से एक है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई बाबू बालेश्वर जी की पुण्यतिथि

**इस्लामनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर जी की 39 वीं पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। जिला अध्यक्ष संजीव सक्सेना ने कहा कि बाबूजी ने एक छोटा सा पौधा ग्रामीण पत्रकारों को इकट्ठा करने के लिए लगाया था। जिसने आज बट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है। उत्तर प्रदेश के 70 जिलों के अलावा कई अन्य प्रदेशों में भी संगठन आगे बढ़ रहा है। श्री सक्सेना ने पत्रकारों से निवेदन किया है कि कोई भी पत्रकार ब्रेकिंग न्यूज़ को दहशत की न्यूज़ न बनाएं, क्योंकि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है। हम लोग ब्रेकिंग न्यूज़ के रूप में कुछ गैर प्रमाणिक खबरें डाल देते हैं, जिसकी प्रतिक्रिया बहुत खराब होती है जिसका गलत संदेश जाता है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय जोहरी, कैलाश भारती, स्पर्श, शिखर, विनय कुमार, आई एम खान, उमेश शर्मा आदि दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# झोलाछाप के इंजेक्शन के बाद बिगड़ी हालत, महिला की मौत

- परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद झोलाछाप चिकित्सक पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है।



गांव निवासी छोटेलाल पुत्र जोहरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मई की सुबह उनकी पत्नी ललिता को अचानक पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। दर्द बढ़ने पर घबराए परिजनों ने गांव में ही रहने वाले कथित झोलाछाप केशव पुत्र राम सिंह को घर बुलाया। आरोप है कि केशव ने बिना किसी चिकित्सकीय जांच या परीक्षण के महिला को इंजेक्शन लगा दिया और ग्लूकोज चढ़ा दिया।

परिजनों के अनुसार उपचार के कुछ ही देर बाद ललिता की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। उसकी स्थिति गंभीर होते देख परिवार के लोग उसे तत्काल बिसौली ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही करीब साढ़े बारह बजे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में मातम पसर गया। घटना के बाद परिजनों ने झोलाछाप चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि गलत इलाज और बिना जांच के दवा देने के कारण ही महिला की जान गई है।

पुलिस ने मृतका के पति छोटेलाल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बदायूं में जागरण मोर्चा कार्यालय के उद्घाटन व ईद उल अजहा के पर्व की जिले वासियों को हार्दिक शुभकामनायें


## नगर पंचायत सैदपुर की ओर से कस्वा वासियों को ईद उल अज़हा पर्व की शुभकामनाएं

- नगर को साफ – रखें
- कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें।
- अपना टेक्स समय से जमा करते रहें।
- नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।


इशरत अली खां
चेयरमेन नगर पंचायत
सैदपुर ( बदायूँ)

प्रस्तुति एंव संकलन
खबर व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
दैनिक
जागरण मोर्चा कार्यालय शिवपुर
गली नं. एक अस्पताल के पीछे वाली गली में
संपर्क सूत्र - 9058077442


देवेश कुमार मिश्रा
ब्यूरो चीफ
दैनिक जागरण मोर्चा अखबार
(बदायूँ)

## ईद उल अजहा पर्व की क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सायरा अस्पताल निकट ब्लूमिंगडैल स्कूल नवादा पेट्रोल पंप के सामने (बदायूँ)




एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
संचालक डॉ. जीशान

## ग्रामक्षेत्र वासियों ईद उल अजहा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

गांव का चौमुखी विकास करना ही हमारा लक्ष्य
जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा ही कर्म


मेहमूद आलम उर्फ बाबर
ग्राम प्रधान आरिफपुर नवादा
(बदायूँ)

## ईद उल अजहा पर्व की क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### ममता नर्सिंग होम

शेखूपुर रोड (बदायूँ)
एक बार सेवा का मोका दें।




संचालक
डॉ. किशवर अली खां
(फौजी)

दैनिक जागरण मोर्चा कार्यालय उदघाटन व ईद उल अज़हा पर्व की क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### आर.बी.इंटर कॉलेज



क्षेत्र का नंबर वन हिन्दी व इंग्लिश मीडियम इंटर कॉलेज
एडमिशन के लिए पहले आए सीटे सीमित



संस्थापक
स्व. रामवीर शर्मा

प्रबंधक
राममूर्ति देवी

### मां- अल्ट्रासांउड सेंटर

अस्पताल के सामने
कस्वा- सैदपुर


डॉ. अखलाक अहमद
सोनोलॉजिस्ट

अल्ट्रासांउड के लिए एक मात्र उचित स्थान

डायरिया व संक्रमण से बचें।
डाक्टर से परामर्श के बाद ही दवा लें।


डा. जुनैद मेंहदी
एम ओ आई सी
सीएचसी (सैदपुर)

## पूर्व मंत्री व सपा के कद्दावर नेता आबिद रजा खां की ओर से जिले की प्यारी जनता को ईद उल अज़हा पर्व की हार्दिक शुभकामनांए

लक्ष्य – पीडीए का प्रचार कर घर-घर व जन-जन तक जागरूकता फैलाना। आगामी समय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना।





पुर्व मंत्री आबिद रजा खां
सपा (नेता)
(बदायूँ)

# आजाद क्लब ने न्यूयॉर्क क्लब से 4 रन से हराकर जीता मैच

## आजाद क्लब ने 4 रन से मैच जीत कर अगले राउंड में किया प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें मैच में आजाद क्लब और न्यूयॉर्क क्लब के बीच मैच खेला गया,जिसमें आजाद क्लब की टीम मैच जीत गई।

मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहें नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए आज़ाद क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 123 रन बनाए जिसमें बल्लेबाज नफासत ने 42 रन, मेहमूद ने 25 रन, और मारूफ ने ने 17 ने रन बनाए। अतिरिक्त 11 बने।न्यूयार्क के गेंदबाज हाजी रिजवान , इरशाद अली ने दो 2 विकेट और सलमान, जाकिर ने एक-एक विकेट लिए। जीत के लिए 124 रन बनाने के लिए न्यूयॉर्क क्लब ने रोमांचकारी मैच में 16 ओवर में 119 रन, 5 विकेट खोकर बनाए। आजाद क्लब ने 4 रन से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। न्यूयार्क क्लब के वसीम ने 30 रन, असजद ने 27 रन, मुजीब अशरफ ने 18 रन और जाकिर ने ,10 रन बनाए अतिरिक्त 23 रन बने। आजाद क्लब के गेंदबाज अजीम और गोहर अली ने दो-दो विकेट लिए,मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आजाद क्लब के फ़िरासत अली को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला रहे।

अंपाय अब्दुल और शहाब रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। इस मैच में मुख्य अतिथि फैसल लाला, जुबैर, सभासद रामपुर, रय्यान खान , भाजपा नेता मकसूद लाला, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, डा० असद रहमानी,तौसीफ आलम, वसी खान, जुबैर आलम, कारी रिजवान, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



बॉल खेलकर मैच की शुरूआत करते मुख्य अतिथि।



विजयी टीम के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

# विवाहिता पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई, गंभीर रूप से झुलसी

- पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में विवाहिता को पेट्रोल से जलाने की कोशिश की गई। गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला थाना क्षेत्र के नगलिया आकिल गांव का है। गांव निवासी आयशा की शादी गांव के ही तलाकशुदा युवक रईस अहमद के साथ 6 माह पूर्व हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद तक सब कुछ ठीक रहा। विवाहिता गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में प्रिंसिपल का कार्य देखती थी। कुछ दिन बीतने के बाद पति ने अपनी तलाकसुदा पत्नी से फिर से बात शुरू कर दी। विवाहिता को जानकारी हुई तो उसने घर में विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच कई बार जोरदार झगड़ा भी हुआ। विवाहिता का आरोप है बुधवार सुबह तड़के पति समेत चार ससुराल वालों ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। चीख पुकार सुनकर आस-पड़ोस के तमाम लोग घर के अंदर आ गए। इस दौरान लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया। विवाहिता के झुलस जाने की सूचना मायके वालों को मिली तो हड़कंप मच गया। कुछ देर के अंदर ही मायके वाले मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। मायके वालों का आरोप था ससुराल वालों ने दहेज की खातिर विवाहिता को जलाकर मारने की कोशिश की। विवाहिता को जलाने की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने आग से झुलसी विवाहिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है आरोप सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### राजा रणधीर सिंह के निधन पर नवेद मियां ने शोक जताया

**रामपुर।** अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां ने पांच बार के ओलंपियन, अर्जुन पुरस्कार विजेता और भारत, एशिया और इंटरनेशनल ओलंपिक समिति के सबसे सम्मानित खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह के निधन पर शोक जताया है।नवेद मियां ने बताया कि राजा रणधीर सिंह एशियाई खेलों में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिलाने वाले शूटर थे। उनका जन्म 18 अक्टूबर 1946 को ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के पटियाला में हुआ था। वे पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह के छोटे बेटे भालिंद्र सिंह के बेटे थे। उनके पिता भालिंद्र सिंह 1947 से 1992 तक इंटरनेशनल ओलंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य, 1960 से 1975 और 1990 से 1984 तक भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष रहे और 1982 के एशियाई खेलों को दिल्ली लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। रणधीर सिंह के चाचा यादवेंद्र सिंह पटियाला रियासत के आखिरी महाराजा थे। नवेद मियां ने कहा कि राजा साहब का निधन पटियाला के शाही घराने के लिए बहुत ही दुखद है और इस गम में वो भी शामिल हैं।



राजा रणधीर सिंह के साथ नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां की फाइल फोटो।



गांव हशमतगंज में राहगीरों को शर्बत वितरित करते लोग। -जागरण मोर्चा

### राहगीरों को बांटा शरबत

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मई-जून की तपती धूप और झुलसाने वाली गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है। ऐसे में राहगीरों और राह चलते लोगों को राहत पहुंचाने के लिए अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हशमतगंज में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। हशमतगंज के सामने मुख्य मार्ग पर स्थानीय ग्रामीणों और अमर उजाला के हॉकर ने मिलकर एक विशाल पंडाल लगाया। वहां से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों को ठंडा और मीठा शरबत पिलाया। इस पुनीत कार्य में हशमतगंज निवासी नन्ने चक्की वाले, सचिन, जगदीश, चंदर, राजेन्द्र, निषेन्दर कुमार और अनुराग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच सफर कर रहे राहगीरों, बाइक सवारों और पैदल यात्रियों ने जब रुककर ठंडा शरबत पिया, तो उनके चेहरों पर सुकून साफ नजर आया। राहगीरों ने इस नेक काम की जमकर तारीफ की और सेवादारों का आभार जताया। पंडाल लगाने वाले युवाओं का कहना था कि इस भीषण गर्मी में प्यासे को पानी या शरबत पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उन्होंने आगे भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

### नेहरू की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**मिलक।** कांग्रेसियों ने राजीव भवन चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि पंडित नेहरू सच्चे राष्ट्रभक्त थे। क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद अपनी निजी संपत्ति 106 करोड़ की देश को दान की थी, जबकि भाजपा पार्टी की कुल संपत्ति 1217 करोड़ है। इससे प्रतीत होता है कि असली देशभक्त कौन थे। उन्होंने आगे कहा कि वे सहास एवं त्याग और समानता के विचारों से भारत की आजादी की नींव को मजबूत करने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी राष्ट्रभक्ति, साहस और आत्मबल की सीख देते हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह भटुवंशी ब्लॉक अध्यक्ष जीवेन्द्र सिंह गंगवार पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दमोदर सिंह गंगवार वेद राम यादव, सुरेश गंगवार, नजीव रजा, बशीर रजा, फिरोज सर्कलनी, काशी राम आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सैयद यासीन हसन शाह मियां का उर्स संपन्न



**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैयद यासीन हसन शाह मियां का सालाना उर्स अकीदत और एहतराम के साथ संपन्न हुआ। उर्स के आखिरी दिन मजार शरीफ पर जायरीन का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान दूर-दराज से आए अकीदतमंदों ने बारगाह-ए-आलिया में हाजिरी लगाई और मन्नतें मांगीं। उर्स के अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण विभिन्न क्षेत्रों से आईं भव्य चादरें रहीं। इस मौके पर रामपुर शहर और खौद इलाके से अकीदतमंदों के जत्थे गाजे-बाजे और संदल के साथ चादरें लेकर सींगनखेड़ा पहुंचे। अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर मखमली और फूलों की चादरें पेश कर मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। चादरपोशी का सिलसिला पूरा होने के बाद कुल की रस्म अदा की गई। मुकद्दस दरगाह परिसर में उलेमाओं और कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किए। इसके बाद मुल्क और इंसानियत की तरक्की के लिए विशेष दुआ की गई। कुल शरीफ की रस्म मुकम्मल होते ही इस वर्ष के सालाना उर्स का शांतिपूर्ण समापन हो गया। उर्स कमेटी ने सभी जायरीन और पुलिस-प्रशासन का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग लड़की तहेरे भाई के साथ फरार

**मिलक।** क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की अपने तहेरे भाई के साथ फरार हो गई। मंगलवार सुबह लड़की के घर से गायब होने का खुलासा हुआ, जिसके बाद पीड़ित मां ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पीड़ित महिला अपने परिवार के साथ तरुआ स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करती है। सोमवार रात वह अपनी नाबालिग बेटी और अन्य बच्चों के साथ सो रही थी। मंगलवार सुबह जब वह जागी तो बेटी घर से गायब मिली। मां ने आशंका जताई कि देर रात उसके जेठ का बेटा यानी लड़की का तहेरा भाई उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। बेटी के गायब होने पर मां ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। इसी दौरान पता चला कि जेठ का बेटा भी घर से गायब है। इसके बाद पीड़िता ने तुरंत अपने जेठ से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई।

# रोकी गई किस्तों के लिए किसान शीघ्र अपलोड करें आवश्यक अभिलेख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उपनिदेशक कृषि राम किशन सिंह ने बताया कि ऐसे किसान, जिनकी पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त इनकंप्लीट आईडेंटिटी ऑफ प्रीवियस लैण्ड ओनर जिससे भूमि प्राप्त हुई है। उसके अभिलेख पोर्टल पर अपलोड न होना, बोथ प्रीवियस एण्ड करैण्ट लैण्ड ओनर जिससे भूमि प्राप्त हुई है। जिसको भूमि प्राप्त हुई है, दोनों का डाटा पोर्टल पर अपलोड न होना) एवं म्यूटेशन रीजन अदर दैन इनहेरिटेन्स (भूमि प्राप्ति का विवरण स्पष्ट न होना) आदि कारणों से रोकी गई है, वे शीघ्र आवश्यक अभिलेख अपलोड कराएं।उन्होंने बताया कि पोर्टल पर भूमि सम्बन्धी अभिलेख एवं आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध न होने के कारण भारत सरकार स्तर पर किसान सम्मान निधि की किस्तें लंबित हो रही हैं। ऐसे सभी किसान अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से पीएम किसान पोर्टल के पब्लिक डोमेन लाइव पोर्टल पर अपडेट मिसिंग इंफॉर्मेशन विकल्प के अन्तर्गत आवश्यक डाटा एवं अभिलेख अपलोड करें।अभिलेखों में तहसील से प्रमाणित खतौनी, पति-पत्नी के आधार कार्ड की प्रति, भूमि विरासत में प्राप्त होने की स्थिति में मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की प्रति आदि शामिल हैं।

# वाहन चेकिंग से बचकर भाग रहे बाइक सवार भाइयों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मिलक।** ट्रैफिक पुलिस की वाहन चेकिंग से बचकर भाग रहे बाइक सवार दो सगे भाइयों को क्योंरार जीरो पॉइंट के पास बरेली की ओर से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। पिकअप चालक भी घायल हुआ है। घटना के बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया। नगर के मंडी समिति के सामने रहने वाले सर्वेश पुत्र ओंमकार (24) अपने छोटे भाई अरविंद पुत्र ओंमकार (22)के साथ बाइक से मिलक से सामान लेने आ रहा था। सर्वेश की बरेली जनपद में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। क्योंरार जीरो पॉइंट के आगे हेरिटेज स्कूल के पास ट्रैफिक पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग से बचने के लिए दोनों भाई बाइक मोड़कर भागे, तभी बरेली की दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जीरो पॉइंट के पास उन्हें रौंद दिया।टक्कर इतनी भीषण थी कि सर्वेश की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने हाइवे पर शव को रख कर जाम लगाया। भाई अरविंद और पिकअप चालक तस्लीम पुत्र शमसुद्दीन निवासी तिलहर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पहुंचाया। वहां से अरविंद और पिकअप चालक को जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने सर्वेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सूचना मिलते ही परिजन कोतवाली पहुंचे और जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने बिना सूचना और बिना पंचनामा भरे ही शव को रामपुर क्यों भेज दिया। परिजन वाहन चेकिंग कर रही ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। कोतवाली में घंटों हंगामा चलता रहा। बाद में पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह का कहना है कि हादसे की जांच की जा रही है। पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# जल निगम की लापरवाही से टूटी सड़कों से होकर ईदगाह को जाएंगे नमाजी

- पाइप लाइन डालने के लिए सड़के खोदकर मरम्मत कराना भूला विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर में कई करोड़ रुपए से पानी की टंकियों का निर्माण किया जा रहा है, जिसके साथ लगभग 65 किलोमीटर पानी की पाइप लाइन भी बिछाई जा रही है। जल निगम ने कई मोहल्लों में पानी की पाइपलाइन डालने के बाद सड़को को बदहाल हालत में छोड़ दिया है। जिसके चलते ईद उल अजहा की नमाज़ के लिए ईदगाह को जाने वाले नमाज़ी टूटी सड़कों से होकर गुजरेंगे, साथ ही साथ काफी समय से टूटी सड़कों से आने जाने वाले लोगों को रोजमर्रा बेशुमार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बाइक सवारों और नन्हे बच्चों को बहुत दुश्वारी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी खतरा बना हुआ है। लोग रास्ते बदल बदलकर निकल रहे हैं। जबकि जल निगम से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिनों में सड़कों की मरम्मत का काम किया जाना रहता है। लेकिन कई वार्डों में तो महीने भर से सड़कें बदहाल पड़ी है। नगर के मोहल्ला फर्राशान स्थित तीन खंभों वाली गली पाइप लाइन डालने के बाद से टूटी हुई पड़ी है। जबकि इस सड़क से होकर कई मोहल्लों के नमाज़ी ईद की नमाज़ पढ़ने ईदगाह जायेंगे। इस सड़क से रोजमर्रा हजारों लोगों का गुजरना रहता है, लेकिन जल निगम ने आंखें मूंद ली है।जल निगम के एई मो आसिफ ने बताया कि आठ सात गलियों की शिकायत मिली है वहां जेई को भेजकर सड़कों को ठीक कराया जा रहा है। पाइपलाइन डालने के बाद गड्ढा तो तुरंत पाट दिया जाता है, हमें 15 दिन में सड़कों की मरम्मत करनी होती है, कही रह गया है तो हम कराते है।



पाइपलाइन डालने के बाद जल निगम की लापरवाही से टूटी पड़ी सड़क।

### आजम के आचार संहिता मामले में हुई गवाही

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां पर दर्ज आचार संहिता के मामले में बुधवार को स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए में सुनवाई हुई। जबकि फांसीघर में आरोप तय नहीं हो सके। आजम खां के थाना गंज, शाहबाद, टांडा और खजुरिया आदि थानो में दर्ज छह से ज्यादा मुकदमों में सुनवाई हुई। टांडा में दर्ज चुनाव आचार संहिता के एक मामले में गवाह न्यायालय पहुंचा जहां बयान दर्ज कराएं।

इसके अलावा थाना शाहबाद, खजुरिया में दर्ज आचार संहिता के मुकदमों में सुनवाई हुई। जबकि थाना गंज में फांसीघर,पड़ोसी से मारपीट करने के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। सभी मामलों में अगली सुनवाई 21 जून को होगी।

# युवक को गोली मारने में सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राम रहीम ओवरब्रिज पर मंगलवार शाम एक युवक को गोली मारकर घायल करने के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई घायल पक्ष की तहरीर पर बुधवार देर रात की गई। घायल युवक की हालत में अब सुधार बताया जा रहा है।

सिविल लाइंस के मिलक नब्बी सिंह निवासी सत्यवीर का पटवाई के गांव मथुरापुर के रहने वाले दो सगे भाइयों 20 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा है। जिसके चलते कई बार मारपीट हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम को सत्यवीर बाइक से राम रहीम पुल से सिविल लाइंस की ओर जा रहा था कि पुल के ऊपर बाइक सवारों ने युवक को गोली मार दी। घटना के तुरंत बाद घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसके सिर से गोली निकाल दी। डॉक्टरों के मुताबिक, घायल की हालत पहले से बेहतर है और उसका इलाज जारी है। थाना प्रभारी ओंकार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी संग नकदी-जेवर लेकर हुई फरार

**मिलक।** तहसील क्षेत्र के बेगमाबाद गांव से एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला घर से 20 हजार नकद, सोने-चांदी के जेवरात और कपड़े भी ले गई। पति की शिकायत पर मिलक कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बेगमाबाद निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह खेत पर काम करने गया था। दोपहर में पत्नी ने फोन कर बच्चों की दवाई लेने मिलक जाने की बात कही थी।शाम को जब पति घर लौटा तो तीनों बच्चे आंगन में खेल रहे थे, लेकिन पत्नी गायब थी। गांव और रिश्तेदारों में तलाश करने पर कोई सुराग नहीं मिला। घर का सामान जांचने पर 20 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और कपड़े गायब मिले।मंगलवार सुबह पति को जानकारी मिली कि पिपला शिव नगर निवासी एक युवक उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

मांग | ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड और मुफ्त इलाज की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** समाज और प्रशासन के बीच सेतु का काम करने वाले पत्रकारों ने अब अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के से जुड़े पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की पुरजोर मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार दिन-रात सरकार की योजनाओं और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हैं, लेकिन स्वयं उनकी समस्याओं और जरूरतों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जाता।आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।जनपद के सभी पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनवाए जाएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों की स्थिति में मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके।पर्चा बनवाने की अलग व्यवस्था हो। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पत्रकारों को लंबी कतारों में न लगना पड़े, इसके लिए उनके पर्चे बनवाने की अलग व्यवस्था की जाए।मुफ्त चेकअप और दवाओं का भुगतानः जिला अस्पताल में पत्रकारों का चेकअप पूरी तरह फ्री हो। इसके अलावा, जो दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं और डॉक्टर बाहर से (एलपी) लिखते हैं, उन दवाओं को खरीदकर देने या उनका भुगतान करने की जिम्मेदारी जिला अस्पताल प्रशासन की होनी चाहिए।ज्ञापन में जिला अस्पताल की कार्य प्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि जिला अस्पताल में भेदभाव किया जा रहा है। ज्ञापन के अनुसार, सीएमएस (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) अपने चहेते और सक्षम लोगों को तो एलपी (बाहर की) दवाएं आसानी से उपलब्ध करा देते हैं, जबकि जिन्हें वास्तव में जरूरत है, उन्हें यह सुविधा नहीं मिल रही है।

एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से अपील की है कि इन मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी गरीब पत्रकार को इलाज के अभाव में परेशान न होना पड़े। इस ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष के अलावा मुरारी लाल पांडेय, निधि गुप्ता, छोटे गंगवार,मो आलिम इकबाल खान शिव शंकर गुप्ता दुर्गेश सिंह शंकर सिंह बीरेंद्र गुप्ता आर के कश्यप कृपाल सिंह, धीरेन्द्र कुमार गंगवार सहित कई अन्य पत्रकारों के हस्ताक्षर है।



डीएम को ज्ञापन देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### जिला अस्पताल में लगे सेमल के पेड़ की हुई नीलामी

**रामपुर।** जिला अस्पताल में लगे सेमल के पेड़ की नीलामी बुधवार को हुई। जिसमें आठ लोगों ने प्रतिभाग किया। सर्वोच्च नीलामी 13, 600 रूपये की लगी। इसके बाद किसी ने बोली नहीं लगाई। जिसके कारण पेड़ में नीलामी हुई। अस्पताल में जनरेटर रूम के पास सेमल का पेड़ है। इसके गिरने से कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए इस पेड़ की नीलामी कराए जाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने तैयारी शुरू की। पहले अस्पताल प्रशासन ने नीलामी के लिए 21 मई तय की थी। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते इसको स्थगित करके 27 मई की गई। इसके बाद बुधवार को जिला अस्पताल में लगे सेमल के पेड़ की नीलामी हुई। नीलामी में 8 लोगों ने प्रतिभाग किया। सर्वोच्च नीलामी 13, 600 रूपये की लगी।

# दो पीड़ित परिवारों को ऑफिस बुलाकर सौंपे आयुष्मान कार्ड और अंत्योदय कार्ड

- **आयुष्मान भारत योजना के तहत आर्थिक तंगी और गंभीर बीमारी से जूझ रहे टांडा व मिलक के मरीजों को मिली मुफ्त इलाज की संजीवनी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी का जनता दर्शन आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण की मिसाल पेश करते हुए डीएम ने न सिर्फ जमीनी विवाद को एक फोन कॉल पर सुलझा दिया, बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मोहताज दो गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तत्काल कार्ड एवं अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाकर अपने हाथों से सौंपे।जनसुनवाई में दिखाई गई इस प्रशासनिक संवेदनशीलता और सख्ती से जहां एक किसान को दबंगों से निजात मिली, वहीं आर्थिक तंगी और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सरकार की तरफ से सालाना पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की पक्की गारंटी मिल गई।



बालक को आयुष्मान कार्ड देते जिलाधिकारी।

### डीएम ने खुद सौंपे कार्ड, दीं शुभकामनाएं

अक्सर सरकारी दफ्तरों में कार्ड बनने के बाद भी लाभार्थियों को चक्कर काटने पड़ते हैं, लेकिन यहां तस्वीर बिल्कुल उलट थी। दोनों परिवारों के आयुष्मान कार्ड तैयार होने के बाद जिलाधिकारी ने खुद उन्हें अपने कार्यालय में आमंत्रित किया। डीएम ने अपने हाथों से दोनों पीड़ित परिवारों को यह कार्ड सौंपे और उनके बेहतर स्वास्थ्य व जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रशासनिक मुखिया के इस आत्मीय व्यवहार से लाभार्थियों के चेहरे पर स्पष्ट खुशी और संतोष नजर आया।

**चकमार्ग का विवाद, एक फोन कॉल और समाधान**

तहसील बिलासपुर निवासी किसान राजेन्द्र सिंह लंबे समय से अपने खेतों की जुताई को लेकर परेशान थे। कुछ काश्तकार उन्हें न केवल खेत जोतने से रोक रहे थे, बल्कि चकमार्ग से उनके ट्रैक्टर का रास्ता भी बाधित कर दिया था। यह मामला जब जनसुनवाई में जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचा, तो उन्होंने बिना कोई समय गंवाए कलेक्ट्रेट सभागार से ही सीधे उपजिलाधिकारी एसडीएम बिलासपुर को फोन मिलाया। डीएम के कड़े निर्देशों का असर यह हुआ कि तत्काल राजस्व विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही विवाद को शांत कराया और किसान राजेन्द्र सिंह के ट्रैक्टर के आवागमन का रास्ता साफ करवाकर उनकी समस्या का स्थायी निस्तारण कर दिया।

### पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण ही सर्वोच्च प्राथमिकता

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी और पूरी तरह पारदर्शी समाधान ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे फरियादियों की शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ सुनें और तय समय सीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

**आयुष्मान से जगी जिंदगी की आस**

जनता दर्शन केवल जमीनी विवादों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी गरीबों के लिए संजीवनी साबित हुआ। विगत जनता दर्शन में तहसील मिलक की रहने वाली श्रीमती देवेन्द्र कौर ने अपने पति और बच्चे के इलाज के लिए आर्थिक लाचारी का हवाला देते हुए गुहार लगाई थी। वहीं, तहसील टाण्डा के शिकारपुर निवासी नवाब अली एक बेहद गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ थे। जिलाधिकारी ने दोनों परिवारों की दयनीय आर्थिक स्थिति को गंभीरता से लिया और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। विभागीय फुर्ती का नतीजा यह रहा कि कुछ ही दिनों में दोनों परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गए।

# बिना सोचे समझे जारी किए जा रहे लोगों को हाउस व वॉटर टैक्स नोटिस

## व्यापारियों ने कार्रवाई के लिए सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय से प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचा। संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों पर व आवासीय मकानों पर जबरन मनमाने तरीके से 50 गुना हाउस टैक्स वाटर टैक्स के नोटिस जारी किए गए हैं। बिना सोचे समझे आम जनता के हितों को ध्यान में ना रखते हुए कारोबार का शहर में अभाव है। इस संबंध में व्यापार मंडल द्वारा अनगिनत बार नगर पालिका ईओ, पालिका अध्यक्ष पति, अध्यक्ष को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई भी सुनवाई को राजी नहीं है।बिना कारण जनता अत्यधिक परेशान है। बेरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बापू माल भी जल्द से जल्द शुरू कर देना जरूरी है। जिससे शहर का विकास रुका हुआ है क्योंकि 24 करोड़ 96 लाख की लागत से तैयार है बापू माल जो की 13 वर्ष से तैयार कंप्लीट है जो नगर पालिका द्वारा गंभीर पूर्वक शुरू कराया नहीं गया है। जिस शहर का विकास ठप हो रहा है। 50 गुना हाउस टैक्स बढ़ाकर जनता को परेशान करने का नगर पालिका परिषद का इरादा दुर्व्यवहार पूर्ण है। बापू मॉल चालू न होने से बापू मॉल में 400 से अधिक दुकानों का आवंटन पूर्ण नहीं हो पाया है। लोक तपती हुई धूप में ठेले चला कर धक्के खा रहे हैं। और साथ ही जगह-जगह चबूतरा पर बैठे हुए गरीब फुटकर व्यापारी सड़कों की धूल खा रहे हैं,लेकिन उनको दुकान नहीं मिल पा रही है। हाउस टैक्स वाटर टैक्स के संबंध में जनता के हितों के लिए नगर पालिका परिषद के 45 वार्डों के सभासदों को जनता के पक्ष में अपनी प्रतिक्रिया स्पष्ट रूप से रखनी चाहिए।जनता के हित में बड़े हुए टैक्स के खिलाफ मैदान में उतरना चाहिए।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

### ज्ञापन देने वालों में यह रहे मौजूद

जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, प्रदेश मंत्री पप्पू खा, प्रदेश प्रचार मंत्री फहीम अहमद ,युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, जिला सचिव मिलन सक्सेना , जिला संगठन मंत्री गोपाल शर्मा , नासिर लाला, बाबू खान टायर वाले, नजाकत अली, प्रवीण गुर्जर आदि पदाधिकारी साथी उपस्थित रहे।

### खरीफ 2026 के लिए बीज वितरण प्रक्रिया में बदलाव

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में खरीफ 2026 के लिए बीजों की बुकिंग प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। ऑटो कन्फर्म एवं ई-लॉटरी के उपरांत अवशेष बीजों की बुकिंग हेतु 26 मई 2026 से समस्त पंजीकृत किसानों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि खरीफ 2026 के लिए विभिन्न प्रकार के सामान्य बीज जैसे—ढैंचा, धान, उड़द, मूंग, अरहर, संकर मक्का, संकर धान, संकर बाजरा एवं संकर ज्वार तथा मिनीकिट्स जैसे—उड़द, अरहर, मूंग, संकुल ज्वार, संकुल बाजरा, सावा, रागी एवं कोदो के वितरण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया गया है। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक संख्या में ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त होती है, तो लाभार्थी किसानों का चयन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाएगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद के इच्छुक किसान जो खरीफ मौसम 2026 में सामान्य बीज एवं मिनीकिट्स का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें विभागीय वेबसाइट कृषि दर्शन-1 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बुकिंग,आवेदन करना होगा।

## सार संक्षेप



लोगों से वार्तालाप करते कोतवाल। -जागरण मोर्चा

### टांडा जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा नमाज की तैयारियों को लेकर बैठक

**टांडा।** जामा मस्जिद टांडा में ईद उल अजहा की नमाज की तैयारियों को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने मस्जिद कमेटी के जिम्मेदारों और इमाम से ईद की नमाज के समय व तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने साफ निर्देश देते हुए कहा कि ईद की नमाज मस्जिद के अंदर ही अदा की जाएगी। सड़क पर किसी भी हालत में नमाज नहीं होगी ।जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जालीस साहब ने नमाज के समय की जानकारी देते हुए बताया कि जामा मस्जिद में सुबह 7 बजे ईदगाह में सुबह 6 :30 बजे औए थाने वाली मस्जिद में सुबह 7 :30 बजे अदा की जाएगी ।इस अवसर पर निवर्तमान पालिका अध्यक्ष पति मकसूद लाला भाजपा नेता,मोहम्मद तौसीफ, हाफिज जमील,हाजी शकील,आदि मौजूद रहे।



पानी की टंकी के निरीक्षण के दौरान एई को दिशा निर्देश देते एसडीएम आशुतोष कुमार।

### एसडीएम ने निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण

**शाहबाद।** नगर के पुरानी तहसील परिसर में बन रही पानी की टंकी का बुधवार को नोडल अधिकारी आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार ने जल निगम के एई को टंकी में मानक के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। बताते चले कि शाहबाद में पेयजल की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए तीन पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है,जिसमें से एक टंकी नगर के कोतवाली के सामने पुरानी तहसील के मैदान में बन रही है, बुधवार को शाहबाद एसडीएम आशुतोष कुमार ने जल निगम के एई मो आसिफ के साथ निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण कर मानकों के अनुसार कार्य करने और समय से कार्ययोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। जल निगम के एई एक करोड़ से ऊपर की कार्ययोजनाओं के लिए एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिसके चलते एसडीएम ने निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण किया।

### ज्वैलरी दुकान से सोने के कुंडल व नोजपिन की चोरी

**टांडा।** सदर बाजार टांडा स्थित अवतार ज्वैलर्स में दो अज्ञात ग्राहकों ने चोरी का वारदात को अंजाम दिया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दुकान संचालक संजीव कुमार वर्मा पुत्र रामअवतार वर्मा ने कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि 24 मई को सुबह 10 बजे दुकान खोलने के करीब आधे घंटे बाद दो ग्राहक कुण्डल देखने आए। जब वह उन्हें आभूषण दिखा रहा था, तब दो अन्य ग्राहक भी आ गए। इसी दौरान पहले आए दोनों ग्राहकों ने एक जोड़ी सोने के कुंडल और एक नोजपिन चोरी कर ली ।ग्राहक बनकर आये चोरों ने ज्वेलर्स को भ्रमित किया और दुकान से भाग निकले। जब संजीव कुमार वर्मा ने सामान चेक किया तो कुण्डल व नोजपिन गायब मिले। बाद में उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो चोरी की घटना साफ दिखाई दी ।ज्वेलर्स ने तुरंत कोतवाली टांडा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है ।अज्ञात चोरों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को तीन माह से नहीं मिला वेतन

**रामपुर।** जिला अस्पताल में तैनात आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ को तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण परिवार का गुजर बसर करना भारी पड़ रहा है ऐसे में घर चलाने और बच्चों की फीस और घरेलू कार्यों को पूरा करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही बकरीद का त्योहार भी सर पर है। वेतन की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिले। वार्ता के दौरान सीएमएस से कहा है कि वेतन को लेकर जब-जब कहा गया है तब-तब आश्वासन देकर टरकराया जा रहा है। कहा कि गुरुवार को बकरीद का त्योहार है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि हमारे स्तर पर किसी का कोई वेतन नहीं रोका गया है। सभी बिल मंजूर करके सीएमओ कार्यालय, ट्रेजरी भेज दिए गए हैं। शासन स्तर से कनेक्टविटी को लेकर हो रही परेशानी के कारण वेतन रिलीज करने में देरी हो रही है। इस दौरान महिपाल सिंह राजपूत, सुमित कुमार, दिव्या शुक्ला, अभिलाषा, शमशीद, अब्दुल शकूर, चांदनी और फरमान अली आदि मौजूद रहे।



सीएमएस से वार्ता करते नर्सिंग स्टाफ।

# 15 वर्षीय बालिका से छत पर छेड़छाड़ का मामला

- **पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** क्षेत्र के एक गांव में 23 मई की रात करीब 1 बजे पड़ोसी युवक द्वारा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का गंभीर मामला सामने आया है।

पीड़ित परिवार के अनुसार बालिका छत पर सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला निजाम छत पर चढ़ आया। बालिका को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा उसके कपड़े फाड़ दिए। जब बालिका ने शोर मचाया तो उसके माता-पिता मौके पर पहुंच गए। आरोपी निजाम उन्हें देखते ही भाग निकला। भागते समय उसका मोबाइल फोन छत पर गिर गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।परिवार ने तुरंत 112 पर कॉल किया, मौके पर पुलिस पहुंची, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित पक्ष ने बालिका को लेकर थाना टांडा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन वहां भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और मामले को टाल दिया गया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया।एसपी के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी निजाम के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवती से छेड़छाड़ और मारपीट करने के मामले में केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के रवानी पट्टी उदा में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट और छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता हरि सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मई की शाम उनके प्लॉट पर मिट्टी डाली जा रही थी, तभी ट्रैक्टर निकालने को लेकर पड़ोसी बड़डे और उसके साथियों से विवाद हो गया। आरोप है कि बडडे, भुवनेश, रिंकू और कुलदीप ने हरि सिंह की बेटी जमना को भद्दी गालियां दीं और विरोध करने पर उसे लात-घूंसों से पीटा। साथ ही, कुलदीप पर युवती से छेड़छाड़ करने का भी गंभीर आरोप है। शोर सुनकर पहुंचे माता-पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्राम प्रधानों का 6 महीने का कार्यकाल बढ़ने पर प्रधान संघ ने जताया सरकार का आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** अखिल भारतीय प्रधान संघ के सदस्यों द्वारा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाए जाने के फैसले के बाद स्वार विधानसभा क्षेत्र के एक ब्लॉक में प्रधान संघ का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रधान एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम में चमरौआ विधानसभा के पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जितना विकास कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है, उतना किसी अन्य सरकार में नहीं हुआ।पूर्व विधायक अली युसूफ अली ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। उन्होंने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी बात रखते हुए मुस्लिम समाज से एकजुट रहने की अपील की और उत्तर प्रदेश में दोबारा सरकार बनाने की बात कही।कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए इसे पंचायत प्रतिनिधियों के हित में बताया हैं इस दौरान ग्राम प्रधान प्रधान का मिर्जापुर प्रधान संगठन के सचिव इरफान अली, ब्लॉक अध्यक्ष नथाराम कंबोज,ग्राम प्रधान चंचल , ग्राम प्रधान साजिद, तौफीक मोहम्मद अली, इन कार,तौफीक अहमद, आरिफ अंसारी, फारुख अंसारी, हामिद अंसारी, इनकार, दिलदार, अनवर , अब्दुल करीम, आरिफ, बाबू खान, प्रमोद कुमार, बबलू, विनोद, महिपाल, प्रेमपालसैनी, विकास मंसूरपुर, ताहिर प्रधान पसियापुर, सतीश लखीमपुर , शाहिद भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते वक्ता।

# 70 हजार से अधिक बुजुर्गों के खातों में पहुंचे 71.76 करोड़ रुपये

- **सत्यापन में 2514 मृतक और 233 अपात्र मिले**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था एवं किसान पेंशन योजना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नज़ीर पेश की है। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले भौतिक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट (मार्च 2026 तक) के अनुसार, विभाग ने योजना के तहत अपना शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में जिले के कुल 70,593 पात्र बुजुर्गों को इस पेंशन का सीधा लाभ मिल रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे अहम बात यह रही कि जिले में पेंशन से जुड़ा एक भी आवेदन लंबित (पेंडिंग) नहीं है, जो प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली और जवाबदेही को पुख्ता करता है।योजना का लाभ केवल वास्तविक हकदारों तक पहुंचे, इसके लिए विभाग द्वारा सघन सत्यापन अभियान चलाया गया। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 को जिले में कुल 50,495 लाभार्थी पंजीकृत थे। इन सभी खातों का मासान्त तक कड़ाई से सत्यापन किया गया। जांच के दौरान यह सामने आया कि 2,514 पेंशनभोगी मृतक हो चुके हैं, जबकि 233 लोग योजना के मानकों के अनुसार अपात्र थे। विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन कुल 2,747 लोगों के नाम लाभार्थी सूची से हटा दिए, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग पर पूरी तरह से रोक लग सकी।

### 22 हजार से ज्यादा नए लाभार्थियों को मिली सौगात

अपात्रों की छंटनी करने के साथ-साथ चालू वित्तीय वर्ष के दौरान नए हकदारों को उनका अधिकार दिलाने का काम भी तेजी से हुआ। विभाग ने सघन अभियान चलाकर 22,845 नए बुजुर्गों को चिन्हित किया और उनकी पेंशन स्वीकृत की। पुरानी सूची से अपात्रों को हटाने और नए लाभार्थियों को जोड़ने के बाद अब रामपुर जिले में कुल पेंशनधारकों का आंकड़ा 70,593 तक पहुंच गया है ।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के हर पात्र बुजुर्ग तक वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज कल्याण विभाग को स्पष्ट निर्देश थे कि सत्यापन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, ताकि सरकारी धन किसी अपात्र तक न पहुंचे और कोई वास्तविक हकदार वंचित न रहे।

**बैठक** आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार, कुर्बानी की वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से करें परहेज

# खुले में न करें कुर्बानी, सड़को पर नहीं पढ़ी जाएगी नमाज: सीओ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद कोतवाली परिसर में आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा को लेकर धर्मगुरुओं संग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन ने संयुक्त रूप से की। बैठक में बोलते हुए एसडीएम आशुतोष कुमार ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं, कोई नई परंपरा न डालें। इस बात का ध्यान भी रखें कि कुर्बानी के दौरान किसी दूसरे का दिल न दुखे। सीओ देवकीनंदन ने साफ कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़को पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी, कुर्बानी को खुले में न करें। ईद की नमाज तयशुदा ईदगाहों और मस्जिदों के अंदर ही अदा की जाएगी। किसी भी सूरत में सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी।

प्रशासन ने अपील की है कि कुर्बानी के बाद अवशेषों को खुले में न फेंकें, बल्कि उन्हें दफनाने या नगर पंचायत के कचरे के डिब्बों में डालने की व्यवस्था करें। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर कुर्बानी की कोई वीडियो या फोटो न डालें।बैठक में कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक अतिशय जैन, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और हेड मोहर्रिर दिलशाद खां आदि रहे।



शांति समिति की बैठक में बोलते एसडीएम आशुतोष कुमार और सीओ देवकीनंदन।

**एक नजर**

### बाइक को बचाने पर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, विद्युत जेई घायल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी विद्युत वितरण खंड पर तैनात अवर अभियंता हादसे में घायल हो गए। जिन्हें साथी विद्युत कर्मचारी ने उपचार के लिए बिलारी स्थित सीएचसी में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर किया। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी स्थित विद्युत वितरण खंड पर अवर अभियंता संजय शर्मा तैनात है। मंगलवार की रात 9 बजे ड्यूटी खत्म करके बिलारी स्थित अपने आवास पर कार में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह थाना बिलारी क्षेत्र के मलकुला मोड़ पर पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में जेई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर साथी विद्युत कर्मचारी मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से जेई को उपचार के लिए बिलारी स्थित सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

# महंगाई के खिलाफ सपा का जोरदार प्रदर्शन

## राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, पेट्रोल-डीजल व जरूरी वस्तुओं के दाम घटाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


महंगाई के विरोध में प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**संभल/बहजोई।** देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में समाजवादी पार्टी की जिला इकाई ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दालें और अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर महंगाई रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। राज्यसभा सांसद जावेद अली खान ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए भारी टैक्स के कारण परिवहन महंगा हो रहा है, जिसका सीधा असर हर वस्तु की कीमत पर पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से तेल पर टैक्स कम करने और आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने की मांग की।

सांसद जियाउर्रहमान ने कहा कि समाजवादी पार्टी महंगाई के मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से खेती-किसानी और परिवहन दोनों प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र सरकार को तुरंत एक्साइज ड्यूटी घटाकर जनता को राहत देनी चाहिए। गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव ने कहा कि महंगाई का मुद्दा विधानसभा में भी जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि रसोई गैस, दाल, आटा और सब्जियों के बढ़ते दाम गरीबों की थाली से भोजन दूर कर रहे हैं। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी कमजोर पड़ती जा रही है।

सांसदों और विधायकों ने संयुक्त रूप से मांग की कि सरकार जल्द मूल्य नियंत्रण बोर्ड का गठन करे तथा जरूरी वस्तुओं पर सब्सिडी बढ़ाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर लगाम नहीं लगी तो जन-आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

पूर्व मंत्री अकील उर रहमान और पूर्व विधायक राजेश यादव ने भी बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज उठाई। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधर ने बताया कि राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया है, जिसमें महंगाई पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है।

इस दौरान फिरोज खान, विमलेश कुमारी, उमेश दिवाकर, राजेश कुमारी, सुनीता यादव, दुर्गेश दिवाकर, ममता मधुकर, कचन राजौरिया, सजीव यादव, ताहिर उल्ला खान, उमेश यादव, इरफान प्रधान, अखिलेश यादव, ओमप्रकाश प्रजापति, बिट्टू कश्यप, सुरेंद्र यादव, शोभित कुमार, पप्पू यादव, फैजान शाही, सद्दाम कुरैशी, सुभाष पाल, सुभाष वाल्मीकि, केपी सिंह, रजत यादव, सुमित यादव, राजीव रस्तोगी, रविंद्र सिंह, मनीष यादव, शिवम यादव, चेतन गुप्ता, अशोक राणा, मुजफ्फर प्रधान, जीशान, निसार अहमद, कमल शर्मा, आलम कुरैशी, सूरज यादव, राजेश यादव, रामौतार यादव, अमरीश यादव, सत्यभान यादव, शिवनारायण यादव, सतेंद्र यादव, ललतेश यादव, हाफिज अंजर, आरिफ प्रधान, शाकिल अंसारी, मुरशीद खान, तसलीम, रहीस अहमद, कपिल देव, वीरन यादव, विवेक आजाद, अनिकेत जाटव, राजू सागर, गुड्डू ठाकुर, टीटू ठाकुर, अरुण जाटव, मुनीष जाटव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


समर कैंप में विभिन्न कलाएं सीखती बालिकाएं। -जागरण मोर्चा

## समर कैंप में उत्साह के साथ सीख रही कलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली का 10 दिवसीय कैंप शिव मंदिर कैथल गेट चन्दौसी में चल रहा है। कैंप के आठवें दिन बुधवार का प्रशिक्षार्थी ने बहुत लगन ओर रुचि से ट्रेड सीखी। जिसमें सिलाई में स्वाति गोयल ने प्लाजो की कटिंग व सिलना सिखाया। सलोनी ने मेहंदी में चैक व अरेबिक मेहंदी लगाना, इसके साथ दोनों हाथों से ढोलक बजाने की प्रैक्टिस कराई - तो व्यूशियन राखी ने वालों की कटिंग करना सिखाया गया। इस दौरान अध्यक्ष डा. मधु तोमर, डा. मधुपमा वार्ष्णेय,अनुराधा गोयल, 'कंचन वाला, सरोज वार्ष्णेय, मुन्नी देवी सक्सेना, पुष्पा वर्मा, सीमा वर्मा, अंजू राजपूत, रीता बुदियाल, ममता, सुभाष रुस्तगी आदि का सहयोग रहा।

## आकांक्षा सोसाइटी ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंच बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रशिक्षण केंद्र में खाद्य सामग्री का आनंद लेते। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** आकांक्षा सोसाइटी द्वारा निराश्रित दिव्यांगनज एवं दिव्यांग बच्चों के लिए सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के सदस्यों ने प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर दिव्यांग बच्चों एवं जरुरतमंद लोगों के साथ समय बिताया और उन्हें विभिन्न उपयोगी वस्तुएं वितरित की। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशी, आत्मविश्वास की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक एवं खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेलकूद गतिविधियों ने बच्चों में नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार किया।

संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया तथा गमलों में पौधे लगवाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आकांक्षा सोसाइटी की सदस्य डा. वंदना की पुत्री आशी का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ प्रशिक्षण केंद्र पहुंचकर मनाया गया। आशी द्वारा बच्चों एवं जरुरतमंदों लोगों को खाने-पीने की सामग्री वितरित की गई। बच्चों को खाद्य सामग्री के साथ टी-शर्ट, चप्पल, स्लेट, पुस्तकें तथा पढ़ाई से संबंधित अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई।

आकांक्षा सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता भार्गव ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरुरतमंद एवं दिव्यांग बच्चों के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर काजल, सरिता, शालू, रुपाली, नीरज, सोनल आदि मौजूद रहीं।

## परामर्श केंद्र पर हुआ 5 पत्रावलियों का निस्तारण


परामर्श केंद्र पर पति पत्नी से बात करते काउंसलर व पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत व क्षेत्रअधिकारी दीपक तिवारी के निर्देशन अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक नगर परामर्श केंद्र गौशाला रोड पिंक चौकी में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र थाना अध्यक्ष डा. रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 28 पत्रावली को सुना गया। जिसमें से 5 पत्रावली का निस्तारण किया गया एक पत्रावली पर विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 4 पत्रावली आवेदक द्वारा बल ना देने के कारण व अन्य कारण से बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि आदि मौजूद रहे।

## तालाब को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर ग्राम विकास अधिकारी निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी सम्भल के निर्देशानुसार जनपद में जल संरक्षण, तालाबो की मूल स्थिति पुर्नस्थापित करने एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। चयनित तालाबों एवं चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को पूर्व में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गये थे। इसी क्रम में विकास खण्ड जुनावई के ग्राम पंचायत झुकेरा में स्थित तालाब भूमि गाटा संख्या रकबा 2.290 हे0 भूमि को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने, खण्ड विकास अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराए मुख्यालय से अनुपस्थित रहने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं अभियानों में अपेक्षित रुचि न लेने के संबंध में ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार की शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता परिलक्षित हुई है। मुख्य विकास अधिकारी की समीक्षा में यह भी पाया गया कि संबंधित कार्मिक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, पांडुलिपि सर्वे, मनरेगा मानव दिवस सृजन, गौशाला में हरा चारा एवं गर्मी से बचाव के लिए समुचित प्रबंध आदि कार्यों में लापरवाही बरती गयी। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी उमेश कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गयी है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिये गये कि अतिक्रमण हटाओ अभियान, तालाब पुनरूद्धार, जल संचयन एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। जो भी कार्मिक शासनादेशों एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करेगा, उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी यह भी अवगत कराया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जल संरक्षण एवं वाटर कंजर्वेशन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में तालाबों का चयन किया जाना है। जिसको विकसित भारत-जीरामजी योजना तथा राज्य वित्त आयोग के कन्वर्जेंस से कार्य किया जाना है। इसी के साथ उन्होंने उपयुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज्य अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नियमित रूप से भ्रमण करके जल संचयन तथा तालाब जीर्णोद्धार के लिए और विकसित भारत-जीरामजी योजना में निर्देशित कार्यों को प्राथमिकता पर किया जाए, जो ग्राम पंचायत सचिव आदेशों की अवहेलना करेंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यायालय ने स्पीडी ट्रायल के माध्यम से 10 सुनवाई में निर्णय पारित किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

- न्यायालय एक जून को सजा पर होगी सुनवाई
- संभल में पत्नी ने पति के चेहरे पर डाला था तेजाब

**चन्दौसी।** अपर जनपद न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) के पीठासीन अधिकारी द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 51/2025, सत्र परीक्षण संख्या 262/2025, सरकार बनाम कहकंशा अंतर्गत धाराएं 252, 352(1), 124(1), 109(1), 118(2) बीएनएस, कोतवाली संभल में ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए दोषी ठहराया गया है। सजा के प्रश्न पर सुनवाई एक जून को होगी। विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार यादव द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इस प्रकरण की पैरवी की गई। उन्होंने बताया कि मामले में अभियुक्ता कहकंशा निवासी नाल बंदान, निकट खजूरी वाली मस्जिद, नगीना जनपद बिजनौर द्वारा अपने पति मुजफ्फर के चेहरे पर तेजाब डाल दिया गया था। जिससे पीड़ित का पूरा चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया तथा उसकी आंखों की रोशनी पूरी तरह समाप्त हो गई। यह घटना अत्यंत संवेदनशील एवं समाज को झकझोर देने वाली थी। न्यायालय ने इस मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए स्पीडी ट्रायल के माध्यम से मात्र 10 सुनवाई में सुनवाई पूर्ण कर निर्णय पारित किया। न्यायालय का यह निर्णय समाज में यह स्पष्ट संदेश देता है कि महिलाओं, पुरुषों अथवा किसी भी नागरिक के विरुद्ध जघन्य अपराध करने वालों को कानून के दायरे में लाकर कठोर दंड दिलाना शासन एवं न्याय पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब न्यायालय द्वारा एक जून को उक्त मुकदमें को लेकर सजा पर सुनवाई होगी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल, रेफर

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर गांव आटा के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव निवासी दिनेश पुत्र राजवीर अपने तहेरे भाई गौरीशंकर पुत्र ब्रजपाल के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से चन्दौसी आ रहे थे। बुधवार की शाम 7 बजे बाइक सवार बहजोई रोड स्थित गांव आटा के पास पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने कार व चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने दोनों भाइयों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

# सम्भल में फिर एक बार सामने आया प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ

## गंदे नाले के पानी से लबालब मिला पवित्र तालाब, पैमाइश कर बिना कार्रवाई लौट गई प्रशासनिक टीम

जागरण मोर्चा कार्यालय


ब्रह्मव्रत तीर्थ का निरीक्षण करतीं एसडीएम, तहसीलदार व राजस्व टीम।

**संभल।** तीर्थ नगरी संभल में प्रशासन द्वारा प्राचीन धार्मिक स्थलों, तीर्थों और तालाबों की खोज, पैमाइश और अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। 24 नवंबर के बाद शुरू हुए इस अभियान के तहत बुधवार को हयातनगर थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर सराय स्थित प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ पर प्रशासनिक और राजस्व विभाग की टीम पहुंची। प्रशासनिक अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, उसने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी। सदियों पुराने इस धार्मिक तीर्थ का पवित्र तालाब नगर पालिका के गंदे नाले के पानी से पूरी तरह भरा मिला, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी दिखाई दी। ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि सरायतरीन क्षेत्र के लालकी तालाब का गंदा पानी नालों के जरिए लगातार ब्रह्मव्रत तीर्थ के तालाब में छोड़ा जा रहा है। इसके चलते तालाब का पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है और आसपास के इलाके में बदबू फैल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और नगर पालिका की अनदेखी के कारण यह स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। तालाब ओवरफ्लो होने के कारण गांव के मुख्य रास्ते पर जलभराव बना रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में हालात और गंभीर हो जाते हैं। गांव की गलियों के साथ-साथ आसपास के खेतों में भी गंदा पानी भर जाता है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित होती हैं और ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने पुरानी यादें साझा करते हुए बताया कि एक समय ऐसा था जब इस तालाब का पानी पूरी तरह स्वच्छ हुआ करता था। लोग यहां स्नान करते थे, कपड़े धोते थे और यहां तक कि पीने के पानी के रूप में भी इसका इस्तेमाल करते थे। धार्मिक अनुष्ठानों और मेलों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते थे, लेकिन अब यह पवित्र स्थल गंदगी, बदबू और उपेक्षा का शिकार बन गया है। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने तालाब और आसपास की जमीन की पैमाइश की। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा भी लिया। हालांकि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए बुलडोजर मौके पर नहीं पहुंच सका, जिसके चलते प्रशासनिक टीम बिना किसी ठोस कार्रवाई के वापस लौट गई। इससे ग्रामीणों में निराशा और नाराजगी दोनों देखने को मिलीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निधि पटेल भी मौके पर मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की कि प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ को गंदे नाले के पानी से मुक्त कराया जाए, तालाब की साफ-सफाई कराई जाए तथा तीर्थ स्थल का संरक्षण और सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि इसकी धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान को बचाया जा सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**उपलब्धि** डा. अय्यूब हुसैन बने किसानों के प्रेरणास्रोत, 200 से अधिक किसानों को बनाया आत्मनिर्भर

# मोती फार्मिंग में चमका उत्तर प्रदेश का नाम

जागरण मोर्चा कार्यालय, सचिन कुमार


पर्ल्स फार्मिंग के जरिए सीपों में मोती की खेती करते किसान। -जागरण मोर्चा


डा. अय्यूब हुसैन।

**संभल।** उत्तर प्रदेश में मोती फार्मिंग के क्षेत्र में डा अय्यूब हुसैन ने अपनी मेहनत, लगन और नवाचार के दम पर एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने न केवल खुद इस क्षेत्र में सफलता हासिल की। बल्कि सैकड़ों किसानों के जीवन को नई दिशा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का रास्ता भी दिखाया है।

आज डा. अय्यूब हुसैन पर्ल्स फार्मिंग के क्षेत्र में एक सफल उद्यमी, प्रशिक्षक और प्रेरणास्रोत के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक 200 से अधिक किसानों को आधुनिक पर्ल्स फार्मिंग की ट्रेंनिंग देकर उन्हें रोजगार और बेहतर आय के अवसर उपलब्ध कराए हैं। उनके मार्गदर्शन में कई किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए आर्थिक रूप से मजबूत बने हैं। डा. अय्यूब हुसैन का मानना है कि यदि किसानों को सही प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिले, तो खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है। इसी सोच के साथ वे लगातार किसानों और युवाओं को नई कृषि तकनीकों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों और कृषि क्षेत्र में नवाचार को देखते हुए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। विभिन्न जिला अधिकारियों, मंडल आयुक्तों तथा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके कार्यों की सफलता और समाज में उनके योगदान का प्रमाण है। डा. अय्यूब हुसैन आज हजारों युवाओं और किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी सफलता की कहानी यह संदेश देती है कि मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के बल पर किसी भी क्षेत्र में नई पहचान बनाई जा सकती है।

## समाज को शिक्षित करने पर दिया जोर

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ की बैठक डा. निशांकर शर्मा के आवास पर आवास विकास में हुई। जिसमें समाज के बच्चों को शिक्षित किए जाने तथा अन्य सामाजिक कार्यों पर जोर दिया गया।

बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना कर के किया गया। बैठक में गौरव शर्मा ने कहा कि हमें अपने समाज को शिक्षित करने, गरीबी रेखा से ऊपर उठाने, हर वार्ड में कमेटी गठित किए जाने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता हरिओम उपाध्याय ने और संचालन विनीत शर्मा ने किया। इस दौरान निशांकर , दिनेश शर्मा, मुकेश कुमार गौड, सचिन शर्मा, चेतन मिश्रा, शरद उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## स्काउड-गाइड संस्था में होता है बच्चों शारीरिक और मानसिक विकास

जागरण मोर्चा कार्यालय


स्काउट गाइड के प्रशिक्षण में बच्चों को गांठ बांधना सिखाती प्रशिक्षक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में भारत स्काउट गाइड में तृतीय सोपान का आयोजन किया गया जा रहा है। बुधवार को तृतीय सोपान के तीसरे दिन शुभारंभ गाइड कमिश्नर संगीता भार्गव ने किया। उन्होंने बच्चों को हाइक एवं समाज सेवा स्काउट गाइड को हमेशा तैयार रहना, बच्चों को देश के प्रति कैसे जागरुक रहना है आदि दी। जिला संगठन आयुक्त मीनू सिंह ने बच्चों को पायनियरिंग, मानचित्र ज्ञान, अनुमान लगाना, रात्रि खेल में भाग लेना भारत स्काउट गाइड का ज्ञान आदि से अवगत कराया। ट्रेनिंगग काउंसलर पंकज कुमार ने बच्चों को रस्सी से टेंट बनाना प्रथम, द्वितीय व तृतीय सोपान की गांठों के बारे में अथवा सिटी के संकेत ट्रेनिंगग काउंसलर नीलम कुमार ने खोज के चिंह, झंडा गीत, प्रार्थना रस्सी के सिरे सुरक्षित करना आदि की जानकारी दी। बताया कि स्काउट गाइड ऐसी संस्था है जिसमें बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। जिसमें खेल-खेल में बच्चे अपने शरीर को स्वस्थ बनाते हैं। स्काउट गाइड भारत में ही नहहीं बल्कि पूरे विश्व में चल रही है। इसमें स्काउट गाइड के बच्चे का मनोबल व आत्मविश्वास बढ़ता है।

**एक नजर**



## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल, जिला अस्पताल रेफर

**हसनपुर।** गजरौला मार्ग पर देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार की देर रात्रि नगर के गजरौला मार्ग पर स्थित गांव मनौटा में अज्ञात वाहन के द्वारा स्कूटी में टक्कर मार दी गई। टक्कर लगने से स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया गया। नगर के मोहल्ला कनैटा रोड निवासी रईस रईस मुरादाबाद में रहकर मजदूरी करता है। वह मंगलवार की देर रात अपने परिवार से मिलने घर आ रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रईस की पत्नी शमा एवं चार बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग

### बच्चों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए दिया फिटनेस और टीम भावना का संदेश



समर कैंप के दौरान प्राणायाम आसन करते हुए। -जागरण मोर्चा





समर कैंप के दौरान अन्य गतिविधियां करते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में चल रहे।चार दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

कैंप में विद्यार्थियों ने रचनात्मक, शारीरिक और मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई, जहाँ बच्चों को प्राणायाम के जरिए एकाग्रता और मानसिक शांति का पाठ पढ़ाया गया। इसके बाद 'क्ले पॉटरी' में बच्चों ने सुंदर फ्लावर पॉट बनाए और 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में पेपर क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। 'कुकिंग विदाउट फायर' गतिविधि के तहत बच्चों ने मोहितो और मुखवास पान बनाना सीखा।

इसके अलावा डांस, तायक्वोंडो, स्केटिंग, कैलीग्राफी और इंग्लिश स्पीकिंग का भी आयोजन हुआ। दिन की अंतिम गतिविधि जुम्बा रही, जहाँ बच्चों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए फिटनेस और टीम भावना का संदेश दिया। प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कहा कि समर कैंप बच्चों को किताबों से हटकर छिपी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन अवसर देता है। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी प्रशिक्षकों और शिक्षकों का आभार जताया।

## गर्मी में हांफ रहे ट्रांसफार्मर, कूलर चलाकर दी जा रही ठंडक

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर भी हांफ रहे हैं। इनको ठंडा करने के लिए कूलर चलाए जा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी इनकी गर्मी कम नहीं हो रही। ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर ज्यादा जल रहे हैं। जिसका असर फसलों पर पड़ रहा है। मंगलवार को ही 30 ट्रांसफार्मर जल गए। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती भी की जा रही है। अघोषित बिजली कटौती से किसानों में गुस्सा है। बिजली कटौती और खराब आपूर्ति व्यवस्था से लोग परेशान हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। वैसे ही बिजली की समस्या भी बढ़ रही है। रसूलपुर गुर्जर, बहादुरपुर में किसानों के ट्रांसफार्मर जल गए। जिससे फसलों की सिंचाई पर असर पड़ रहा है। किसान टीटू, अमरजीत, रामकिशन का कहना है कि गर्मी में एक तो बिजली ही कम आ रही है और ऊपर से ट्रांसफार्मर खराब होने से ज्यादा दिक्कत बढ़ रही है। मंगलवार को जिले भर में 30 ट्रांसफार्मर जल गए। इससे बिजली आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। आए दिन बिजली का संकट कम होने की बजाए बढ़ रहा है।



आजाद समाज पार्टी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा

## मुआवजे के लिए डेढ़ वर्ष से चक्कर काट रही महिला

- आजाद समाज पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आजाद समाज पार्टी ने डेढ़ वर्ष से मुआवजे के लिए चक्कर काट रही महिला के पक्ष में एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपते हुए कहा है कि पीड़ित को जल्द से जल्द उसके मुहावरे का पैसा दिया जाए अन्यथा भीम आर्मी को उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर खादर निवासी पीड़िता कविता पत्नी कलुआ का आरोप है कि उसकी जमीन ग्रीन गलियारे में अधिग्रहण कर ली गई थी। लेकिन पीड़िता की रकम सह खातेदारों के खाते में पहुंच गई,जिसे आरोपी अब देना नहीं चाह रहे हैं और पीड़िता के खाते में पैसा नहीं पहुंचा इससे महिला डेढ़ वर्ष से तहसील के अधिकारियों के चक्कर काट रही है। पीड़िता ने कहा है कि हल्का लेखपाल भी आरोपियों से हम साज है। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर जल्दी ही पीड़िता के खाते में उसकी मुआवजे की रकम नहीं पहुंची तो कार्यकर्ता उग्र आंदोलन को विवश होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में कविता, देवेंद्र बैसला, कुलदीप पोसवाल, मोहम्मद इमरान,सर्वेश, राजू खेवन, विकेश कुमार, मनोज कुमार, एडवोकेट नासिर अली, राजेश आदि मौजूद रहे।

# मारपीट में चार लोग घायल, दी तहरीर





घायल कृपाल एवं बृजपाल।



घायल मोनू एवं पंकज। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत की मेंढ़ को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई, मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए, दोनों पक्ष घायल हालत में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया, जहां उपचार के दौरान तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक द्वारा उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव कुड़ी वीरान निवासी कृपाल सिंह अपने पुत्र बृजपाल के साथ अपने खेत पर कार्य कर रहा था, उनका आरोप है कि पड़ोसी खेत स्वामी द्वारा उनके खेत की मेंढ़ को काट दिया गया था। जिसकी शिकायत उनके द्वारा की गई तो उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष मोनू पुत्र राजीव, पंकज पुत्र सोमपाल का आरोप है कि वह अपने खेत की सिंचाई कर रहे थे तभी कृपाल व उसके बेटे ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। सूत्रों की माने तो मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडे एवं सरिया चले। मारपीट के दौरान बृजपाल, कृपाल मा एवं पंकज घायल हो गए। दोनों पक्ष घायलों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर लेकर चारों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां उपचार के दौरान बृजपाल कृपाल एवं मोनू की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि दो पक्षों में मारपीट हो गई थी।जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर तहरीर प्राप्त हो गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ईद उल अजहा पर अधिशासी अधिकारी ने कमेटी पदाधिकारी के साथ किया निरीक्षण



ईदगाह का निरीक्षण करते अधिशासी अधिकारी एवं सभासद। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुधवार को ग्राम अगरौला मार्ग स्थित ईदगाह का अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी के साथ मिलकर निरीक्षण किया और पालिका स्टाफ को साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। हालांकि गुरुवार की सुबह ईदगाह पर ईद उल अजहा की नवाज शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन के द्वारा अदा कराई जाएगी। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह के द्वारा पालिका स्टाफ को ईदगाह पर साफ सफाई, पानी एवं चूने आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।शहर इमाम मुफ्ती मेहराजुद्दीन के द्वारा बताया गया की ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज प्राप्त है 6:30 बजे अदा कराई जाएगी। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह,बाबू करनसिंह, हाजी वसीम, सभासद शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताप, मोहसिन सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# पुरानी रंजिश के चलते रुखालू गांव में दो पक्षों में मारपीट, दो घायल



घायल। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, मारपीट के दौरान दो महिलाएं घायल हो गई। घायल हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार कर दोनों को घर भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गाव रुखालू निवासी विजयपाल के भाई सोनू का गांव निवासी एक व्यक्ति से तीन वर्षों से विवाद चल रहा है, विवाद के चलते बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, इसी बीच सोनू ने फोन करके अपने भाई विजयपाल को मौके पर बुलाया, सूचना मिलते ही विजयपाल के बच्चों के साथ मौके पर पहुंचा। इसी बीच ग्रामीण द्वारा विजयपाल की पुत्री राजवती एवं उसकी भाभी धर्मवती पत्नी विजेंद्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। दोनों घायलों को लेकर विजयपाल कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पुलिस ने तहरीर लेकर दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। हल्का दरोगा सुभाष बालियान द्वारा बताया गया की मारपीट के दौरान दो घायल हो गए हैं, तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को शरबत पिलाकर दिलाई नौतपा के प्रकोप से राहत



भीषण गर्मी में शरबत का वितरण करते हुए। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नौतपा के चलते हो रही अत्यधिक गर्मी और चिलचिलाती धूप से बेहाल राहगीरों को राहत देने के लिए एक सराहनीय पहल की गई। बुधवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान 74/22 के तत्वाधान में संगठन के जिला संगठन मंत्री सचिन गुप्ता के प्रतिष्ठान के निकट एक विशाल शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले सैकड़ों राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि और संगठन के संरक्षक राजपाल सैनी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने किया। इस पुण्य कार्य में जिला चेयरमैन पंकज भटनागर, नगर महामंत्री विक्रांत शर्मा और नगर उपाध्यक्ष विशाल वर्मा व अमरीश ठाकुर ने भी सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नितिन बंसल, हर्षित, लकी, ऋषभ, उमंग अग्रवाल और राजवीर खड़क बंशी समेत भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी साथियों ने निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दीं।

# विधायक राजीव तरारा ने किया उत्सव भवन का शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला:** क्षेत्र स्थित तिगरी धाम में बुधवार को उत्सव भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने विधिवत भूमि पूजन कर उत्सव भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर गांव और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस उत्सव भवन के निर्माण के लिए करीब 1 करोड़ 41 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह भवन क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा प्रदान करेगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांवों- शहरों धार्मिक स्थलों के विकास को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने इस परियोजना को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। इस दौरान अमरोहा के सीडीओ अश्वनी मिश्र, डीपीआरओ पारुल सिसोदिया, एएमए राकेश यादव और ग्राम प्रधान पूनम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब पीने का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** ईटों की फैक्ट्री के परिसर में लगे ट्यूबवेल पर बैठकर शराब पी रहे तीन युवकों ने फैक्ट्री मालिक के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला अवंतिका नगर निवासी मनोज कुमार शर्मा की सलेमपुर गौसाईं गांव स्थित श्री चाकेश्वर मंदिर के पास में इंटरलॉकिंग ईंट बनाने की फैक्ट्री है। आरोप है बीते दिन अपरान्ह करीब 3:30 बजे जब वे फैक्ट्री में गए तो वहां पर तीन युवक ट्यूबवेल के पास बैठकर शराब पी रहे थे। उन्होंने युवकों को डांटा तो उन्होंने मनोज कुमार शर्मा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि, तहरीर के आधार पर मौहल्ला संतनगर निवासी कमल, मौहल्ला मायापुरी मंडी के पीछे निवासी हेमंत व रवि के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## दुकानों के पैसे लेकर भी नहीं कराया बैनामा, पांच के खिलाफ मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला :** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने दो दुकान खरीदने के लिए पांच लोगों को लगभग 20 लाख रुपए दे दिए, लेकिन रुपए लेने के बाद भी बैनामा किसी और को कर दिया। अब यह लोग रकम लौटाने से भी इनकार कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सुनपुरा कलां निवासी तालिब का आरोप है 06 दिसंबर 2024 को उसने ग्राम टोकरा पट्टी निवासी नईमुद्दीन, सिराजुद्दीन व फिरोज, गांव पपसरा खादर निवासी कासिम और गजरौला के मौहल्ला बस्ती निवासी योगेंद्र सिंह से 24 लाख रुपए में दो दुकानें खरीदीं, जिसमें उसने लगभग 20 लाख रुपए नकद और चेक आदि के माध्यम से से दे दिए, लेकिन रुपए लेने के बाद भी आरोपियों ने दुकानों का बैनामा किसी और को कर दिया। अब यह लोग तालिब को रकम भी वापस नहीं कर रहे हैं। जब भी वह रकम मांगने जाता है तो उसे जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचो आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**कार्रवाई** लगभग डेढ़ लाख रुपए कैश के साथ पांच लोगों को दबोचा

# हरियाणा एवं अमरोहा की संयुक्त टीम ने पकड़ी 'भ्रूण लिंग जांच'



स्वास्थ्य टीम के द्वारा पकड़े गए आरोपी एवं पोर्टेबल मशीन। -जागरण मोर्चा



टीम के द्वारा पकड़ी गई पोर्टेबल मशीन।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अवैध भ्रूण लिंग जांच के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा एवं अमरोहा की संयुक्त टीम ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर एक सक्रिय रैकेट का भंडाफोड़ किया। गंगा तट बांध के निकट स्थित एक मकान में चल रही इस अवैध गतिविधि पर छापा मारा गया, इससे इलाके में हलचल मच गई। वही टीम के द्वारा पांच आरोपियों को पोर्टेबल मशीन के साथ गिरफ्तार किया गया।

बताया जा रहा है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव चक्की मडिया निवासी अमर सिंह पुत्र बाबूराम का मकान गांव से बाहर गंगा तट बांध के निकट स्थित है, जिस मकान में लंबे समय से भ्रूण लिंग जांच का गैरकानूनी काम चल रहा था। बुधवार की दोपहर को हरियाणा एवं अमरोहा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मकान में छापेमारी की गई, छापेमारी के दौरान मकान में कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी देवेंद्र पोर्टेबल मशीन के माध्यम से भूड़ लिंग जांच कर रहा था। संयुक्त टीम के द्वारा दिल्ली एवं हरियाणा की रहने वाली तीन महिलाएं भूड़ लिंग जांच करवाते हुए पकड़ी गई। टीम द्वारा हरियाणा निवासी दलाल रविंदर को भी अपनी कस्टडी में ले लिया है। टीम द्वारा आरोपियों के पास से 1 लाख 33 हजार रुपए की नगदी बरामद की है। संयुक्त टीम के द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु कोतवाली में तहरीर दी जा रही है। टीम में हरियाणा एसीएमओ डॉक्टर विश्वजीत डॉक्टर संदीप दलाल, अमरोहा एसीएमओ डॉक्टर जसकरण, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह एवं नायब तहसीलदार नेहा सागर मौजूद रही।

## ई-रिक्शा की टक्कर से एसी मिस्त्री घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** नगर के कनेटा रोड निवासी आसिफ पुत्र महमूद, जो पेशे से एसी मिस्त्री है, रविवार को एक हादसे का शिकार हो गया। आसिफ को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खराब पड़े एक एसी को ठीक करने आया था। दोपहर के वक्त जैसे ही वह अपना काम खत्म करके सीएचसी के मुख्य गेट से बाहर निकला, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आसिफ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और अस्पताल कर्मियों ने घायल आसिफ को उठाकर सीएचसी में ही भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। चालक ई-रिक्शा समेत मौके से फरार हो गया।

# कालाखेड़ा चीनी मिल के सीसीओ पर करोड़ों के घोटाले का आरोप, भाकियू बीआर अंबेडकर ने खोला मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने कालाखेड़ा चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी पर करोड़ों रुपये के गबन और किसानों के उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। संगठन ने मिल मैनेजर को पत्र भेजकर सीसीओ को तत्काल पद से हटाने और मुकदमा दर्ज कराने की माँग की है।

यूनियन का आरोप है कि सीसीओ ने पर्ची वितरण और भुगतान में धांधली कर हजारों किसानों को आर्थिक नुकसान पहुँचाया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।भाकियू नेताओं ने निष्पक्ष उच्चस्तरीय जाँच और दोषी अधिकारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की पुरजोर वकालत की है। इस दौरान डॉ. दिग्विजय भाटी, अ मरजीत, सोनू, मंथन, रूम सिंह, मेवाराम और धर्मपाल आदि समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।



चीनी मिल जीएम से वार्ता करते हुए भाकियू बीआर अंबेडकर के पदाधिकारी।

# संपादकीय

## कहीं मुनाफा, तो कोई 'बकरा'

पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम 11 दिनों में चौथी बार बढ़ाए गए हैं। कुल वृद्धि करीब 7.50 रुपए प्रति लीटर हो गई है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि यह बढ़ोतरी 25 रुपए तक जा सकती है। फिर भी यह कोई नई, चौंका देने वाली खबर नहीं है, क्योंकि यूपीए सरकार में भी 150-166 फीसदी तक पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए थे और मौजूदा सरकार भी बढ़ा रही है। ये दाम ईरान युद्ध से उपजे संकट के कारण ही नहीं बढ़ाए गए, बल्कि सरकार की तेल कंपनियों की अपनी ही अर्थव्यवस्था है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और मंत्रालय की प्रवक्ता सुजाता शर्मा लगातार खुलासा करते रहे हैं कि तेल कंपनियां अब भी औसतन 600 करोड़ रुपए का घाटा झेल रही हैं। मंत्री जी ने तो यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए का बताया था और कई बार, कई मंचों पर ऐसे घाटे का रोना रोया था, लेकिन कुछ डाटा सामने आया है, जो मंत्रालय-मंत्री और तेल कंपनियों की 'झूठी अर्थव्यवस्था' को बेनकाब करता है। 2025-26 की आखिरी तिमाही (जनवरी-31 मार्च) के दौरान भारत सरकार की तीन विराट तेल कंपनियों ने 19,470 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया। ईरान युद्ध 28 फरवरी को शुरू हो चुका था, लेकिन युद्ध के बावजूद अकेली 'इंडियन ऑयल' कंपनी ने 11,378 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। 'भारत पेट्रोलियम' और 'हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड' के मुनाफे अलग हैं। वित्त वर्ष की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2026 तक तीनों तेल कंपनियों ने कुल 77,280 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। मीडिया में कुछ आंकड़े भिन्न भी दिए गए हैं, जिनके अनुसार सरकारी तेल कंपनियों का मुनाफा 85,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा है। निष्कर्ष यह है कि तीनों तेल कंपनियों ने मोटा मुनाफा अर्जित किया है। आम भारतीय और उपभोक्ता सवाल कर सकते हैं कि 15-25 मई के दरमियान पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम क्यों बढ़ाए गए? तेल कंपनियां कुछ घाटा वहन नहीं कर सकतीं, तो क्या आम आदमी को ही बार-बार 'बलि का बकरा' बनाया जाता रहेगा? क्या तेल कंपनियों के मुनाफे आम करदाता, उपभोक्ता की जेब से ही वसूले नहीं जाते? तो फिर पेट्रोल-डीजल किस्तों में महंगे क्यों किए जा रहे हैं? सबसे संवेदनशील मुद्दा यह है कि मंत्री और मंत्रालय लगातार 'झूठ' क्यों परोसते रहे? यह संविधान और शपथ का भी उल्लंघन है। केंद्र सरकार पेट्रो उत्पादों पर उत्पाद-शुल्क वसूलती है, तो राज्य सरकारें उस पर 2.29 लाख करोड़ रुपए 'वैट' के जरिए कमाती हैं। क्या लोकतंत्र में आम आदमी ही 'बकरा' बन कर रह गया है, जिसकी बार-बार बलि दी जाती है? 'वैट' कमाने में भी महाराष्ट्र, उप्र, गुजरात की सरकारें 'सर्वोच्च तीन' में शामिल हैं। तीनों राज्यों में ही भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। 'वैट' इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि केंद्र लंबे वक्त तक राज्य सरकारों को उनके हिस्से का पैसा नहीं देता, लिहाजा 'वैट' ही राज्य सरकारों का बुनियादी आर्थिक संसाधन है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमारी राजनीति 'रेवडियों' और 'मुफ्तखोरी' की है, सबसिडी भी लाखों करोड़ों में देनी पड़ती है, आखिर पैसा कहां से आएगा? आम आदमी को ही चूसा जाएगा! दिलचस्प यह है कि अमरीका-ईरान के दरमियान समझौते की उम्मीदों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 104 डॉलर प्रति बैरल से 5 फीसदी घट कर 97-98 डॉलर पर आ गई हैं, लेकिन भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम चौथी बार बढ़ाए हैं। जब युद्ध के बावजूद तेल कंपनियां मुनाफा कमा रही थीं, तो आम आदमी, आम उपभोक्ता को राहत क्यों नहीं दी गई? युद्ध शुरू होने के समय तो कच्चे तेल के दाम 70-72 डॉलर प्रति बैरल थे, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल तब भी महंगे थे। इस महंगाई से आम आदमी की जेब पर 1500-2500 रुपए माहवार का बोझ बढ़ेगा। वह कहां से आमदनी लाएगा? वेतन, दिहाड़ी, मजदूरी, मेहनताना आदि तो यथावत हैं अथवा कम भी किए जाते रहे हैं। दरअसल तेल कंपनियों से केंद्र सरकार को 4.20 लाख करोड़ रुपए की सालाना कमाई होती है, लिहाजा साफ है कि मुनाफे में केंद्र सरकार भी 'परोक्ष हिस्सेदार' है! क्या मुनाफे और बकरे की इस अर्थव्यवस्था को देश का औसत नागरिक जानता है? चिंताजनक बात यह है कि दैनिक उपभोग की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। जहां खाद्य पदार्थों के दाम बढ़े हैं, वहीं फल और सब्जियां महंगी होने लगी हैं। महंगाई को रोक पाना केंद्र और राज्यों सरकारों के वश की बात नहीं रही है। महंगाई से त्रस्त जनता अब ऊंचे दामों से छुटकारा चाहती है। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष महंगाई को मुद्दे के तौर पर पेश नहीं कर पाया है।

# पढ़ा तो लो मगर बचाएं कैसे?



क्या बेटी पालने में बेटे पालने के मुकाबले, कम संसाधन खर्च होते हैं। इन दिनों जब शहरी परिवारमात्र एक-दो बच्चों तक ही सीमित हैं, तब बेटियों की शिक्षा-दीक्षा पर भी बेटे की तरह ही खर्च होता है, लेकिन अब भी वे दोयम दर्जे की नागरिक हैं। नारा लगाते रहिए कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ।

पिछले दिनों से त्विशा शर्मा का केस चर्चा में है। एक दिन में ही अखबारों के कुछ शीर्षक देखिए—संदिग्ध हालत में महिला की मौत। त्विशा-दीपिका की मौत ने दिखाया आईना। विनोद नगर में संदिग्ध हालत में विवाहिता की मौत आदि-आदि। ऐसी खबरें रोज आती हैं। एक महिला कमांडो तक की पीट-पीटकर हत्या की जा चुकी है। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़ों की मानें, तो दहेज हत्या के मामलों में दिल्ली सबसे आगे फिर उत्तर प्रदेश, बिहार और कर्नाटक का नम्बर है।

पिछले कुछ सालों से तो लगता था कि अब देश में बहुत बदलाव हो गया है। शादियां समानता के आधार पर हो रही हैं। इसका बड़ा कारण लगता कि चूंकि लड़कियां पढ़-लिख गई हैं, तो वे स्वयं भी ऐसे युवकों से विवाह करने से मना कर देती हैं, जिनके परिवार उन्हें अपने अनुकूल नहीं लगते। ऐसे बहुत से विवाह होते भी देखे हैं। आसपास ऐसे कई परिवार भी रहते हैं, जहां लड़कियां विवाह के बाद संयुक्त परिवारों में रहती हैं, कोई लड़ाई-झगड़ा भी दिखाई नहीं देता। लेकिन अब सोचती हूं कि जो दिखता है, वही सच नहीं होता। उसके पीछे भी बहुत कुछ छिपा रहता है।

अक्सर हम मध्यवर्ग के लोग हर बात अशिक्षा से जोड़ देते हैं कि फलां ने ऐसा इसलिए किया होगा कि परिवार शिक्षित नहीं था। उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन त्विशा के मामले पर नजर डालें, तो उसके ससुराल में सब पढ़े-लिखे थे। सास रिटायर्ड जज, पति आपराधिक मामलों का वकील। फिर भी जब इस लड़की ने आत्महत्या कर ली, तो इसकी पहली सूचना उसके परिवार वालों को नहीं दी गई, बल्कि सास अपने जान-पहचान वालों से बातचीत करती रही। छियालीस फोन किए गए। एम्बुलेंस और पुलिस को फोन नहीं किया गया। यही नहीं सास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जो आरोप लगाए, वे, वे ही थे जिन्हें आम तौर पर लड़कियों के चरित्र हनन के लिए लगाया जाता है। जैसे कि वह ड्रग एडिक्ट थी। एक दिन के लिए घर से बाहर चली गई थी। उसने गर्भपात करा लिया था। वह खाना नहीं बनाती थी। पौधों को पानी नहीं देती थी। शादी से पहले हमारे घर भी आई थी। ऐसे कौन अपने होने वाले ससुराल में आता है। वह अस्सी किलो की थी। उसे सीढ़ियों से उतारना कितना मुश्किल था। मेरा बेटा उससे बहुत प्यार करता था, लेकिन वह गोल्ड डिगर यानी कि पैसे की लालची थी। उसने मुझे दादी होने का सुख नहीं दिया।

ये बातें कोई ग्रामीण स्त्री नहीं कह रही है, एक रिटायर्ड जज कह रही है। सोचिए कि यदि इनके कोर्ट में ऐसे मुकदमे आते होंगे, तो इनका निर्णय क्या होता होगा। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के बहुत से निर्णय कहते हैं कि स्त्री अगर बच्चे को जन्म देना नहीं चाहती, तो उसके फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। शरीर उसका है, उस पर उसी का अधिकार है। यह भी कि आप पत्नी लाते हैं, कोई मेड नहीं कि खाना न बनाना तलाक का कारण बन सके।

त्विशा पैसे कमाती थी। नोएडा से भोपाल जाने पर उसके बहुत से काम छूट गए थे। इस पर भी उसे ताने सुनने पड़ते थे। यानी कि एक स्त्री पैसे कमाए, उसे अपने पति के परिवार को सौंप दे। घर का काम करे। खाना बनाए। सबकी सेवा करे। किसी और से कभी बातचीत तक न करे, नहीं तो उसके चरित्र पर सवाल उठाने का अधिकार, हर ऐरे-गैरे नत्थू खैरे को मिल जाएगा। कई वकीलों ने कहा भी कि ये आरोप तो स्त्रियों पर सदा से लगते आए हैं।

सोचने की बात है कि शादी करते ही आखिर लड़कियों के ऊपर ही सारा बोझ क्यों लाद दिया जाता है। इन दिनों ऐसे वीडियोज और रील्स की भरमार है, जिनमें ऐसा न करने पर पत्नी को पति घर से निकालने और तलाक की धमकी देते पाए जाते हैं। एक तरफ तो ये वीडियोज समाज में फैली असलियत को बताते हैं, मगर दूसरी तरफ बहुत से लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित भी करते होंगे। आखिर लड़कियां ही क्यों घर से निकाली जाएं। वे ही क्यों तरह-तरह के लांछन झेलें। यदि प्रतिवाद करें, तो मारी जाएं और यदि चुपचाप सहती रहें, तो खुद जान दे दें।

ग्रेटर नोएडा में रहने वाली दीपिका के पिता तो कुछ देर पहले ही उससे मिल कर गए थे। और कुछ ही देर में उसकी मौत की खबर आई। उसके भाई ने कहा कि अगर हमने बहन की सुनी होती और उसे घर ले आए होते, तो शायद बहन जिंदा होती। आम तौर पर लड़कियों के घर वालों की यही कहानी होती है। जो समाज उनकी परेशानियों में कभी कोई हिस्सा नहीं बंटाता, इस डर से कि लोग क्या कहेंगे, परिवार अपनी ही लड़कियों को वधिकों के हाथों छोड़ देते हैं। अपनी लड़कियों को ही सहने और एडजेस्ट करने की सीख देते हैं। आपकी लड़की की जान चली जाती है, समाज का कुछ नहीं जाता। त्विशा भी अपनी मां को बताती रही कि वह गलत जगह फंस गई है, लेकिन उसकी मां उससे कहती रही कि अपनी सास से बात करो। सब ठीक हो जाएगा।

इन दोनों लड़कियों और इन जैसी बहुत-सी स्त्रियों की जान चली जाती है। यह बात भी महसूस होती है कि लड़कियां जैसे ही किसी घर की बहू बनती हैं, किसी की पत्नी कहलाती हैं, उनका जीवन गिरवी रख दिया जाता है। वे हमेशा किसी न किसी से दया मांगती रहे। एक ऐसा ऑडियो भी सामने आया है जिसमें त्विशा के भाई से बात करते हुए उसकी सास उसके चरित्र पर शक कर रही है। यह सास फिल्मों वाली ललिता पंवार नहीं है, लेकिन बहू की मौत पर मजाल है कि एक आंसू भी आया हो। बहू का मरना भी कोई मरना होता है। एक मरती है, दूसरी आ जाती है।

जब यह लेखिका बहुत छोटी थी, दूसरी कक्षा में पढ़ती थी, तब इसके पिता कन्नौज रेलवे स्टेशन पर पोस्टेड थे। उन दिनों घर लौटकर अक्सर वे इस बात की सूचना देते थे कि आज फलां ने अपनी तीसरी बहू मार दी कि एक और ने अपनी पत्नी को मार दिया और दस दिन बाद ही दूसरी शादी भी कर ली। फिर अपनी तीन बेटियों के लिए बहुत चिंतित भी होते। यह भी कहते कि दूसरी पत्नी के माता-पिता ये सवाल कभी क्यों नहीं पूछते कि पहली पत्नी कैसे मरी। यदि पूछते होते, तो शायद ऐसे घर में अपनी बेटी को कभी न देते। आज भी बेटियों की तो किस्मत में ही ये लिखा है कि अपने घरों में वे जन्म से पहले ही भाई की चाहना में प्राण गंवाएं और ससुराल चली जाएं, तो न जाने कितने आरोप और वधिक उनके लिए तलवार लिए बैठे हैं।

यों भी क्या बेटी पालने में बेटे पालने के मुकाबले, कम संसाधन खर्च होते हैं। इन दिनों जब शहरी परिवारमात्र एक-दो बच्चों तक ही सीमित हैं, तब बेटियों की शिक्षा-दीक्षा पर भी बेटे की तरह ही खर्च होता है, लेकिन अब भी वे दोयम दर्जे की नागरिक हैं। नारा लगाते रहिए कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ।

# संकटग्रस्त विश्व में भारत की आर्थिक राह



हम सभी देख रहे हैं कि इक्कीसवीं सदी का विश्व वैज्ञानिक उन्नतियों के बाद भी अनेक प्राकृतिक-कृत्रिम बाधाओं से ग्रस्त है। कोरोना का कालखंड इसमें सबसे बड़ी बाधा रहा। इसके बाद अमरीका, रूस, ईरान, भारत, पाकिस्तान, यूक्रेन, इजरायल, खाड़ी के देशों सहित दुनिया के पंद्रह-बीस देश निरंतर युद्ध में उलझे हुए हैं, जिन पर निरंतर चर्चा हो रही है। नवीनतम अमरीका-इजरायल बनाम ईरान के युद्ध ने विश्व के सामने ऊर्जा की कठोर समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अमरीका एवं इजरायल के द्वारा की गई बर्बादी का बदला ईरान तेल व गैस आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज को बंद कर, अवैध आवागमन शुल्क लेकर एवं बाधासंभावित बनाकर ले रहा है। ईरान के इस कर्म से दुनिया के विभिन्न देशों तक उनकी आवश्यकता का तेल तथा गैस सुगमता से नहीं पहुंच पा रही है। जो पहुंच भी रही है, वह भी अत्यंत महंगी होकर। उक्त देशों के चर्चित युद्ध के अतिरिक्त गुमनाम देशों के भी अपने पड़ोसियों के साथ युद्ध चल रहे हैं। यदि पड़ोसी देशों के साथ उनका युद्ध नहीं भी चल रहा है, किंतु उनके अपने ही देश में अलग-अलग रक्तरंजित संघर्ष निरंतर हो रहे हैं। चूंकि ये देश बड़े एवं संपन्न देश नहीं हैं, इसीलिए इनके युद्धक तथा स्वदेशी संघर्षों के समाचार अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुख्य जनसंचार माध्यमों पर नहीं होते। युद्धकेंद्रित इन समस्याओं के साथ-साथ प्राकृतिक अस्थिरता एवं प्रतिकूलता की स्थितियां भी नित नए-नए विकृत ढंग से उत्पन्न हो रही हैं। यदि भारत के संदर्भ में युद्धक तथा प्रकृति आधारित समस्याओं का विश्लेषण किया जाए तो इनका अंत होता हुआ नहीं दिखाई देता।

वैसे तो गृहमंत्री ने जनसंचार माध्यम पर गर्वोक्ति के साथ घोषित कर दिया है कि भारत अब नक्सल-समस्या से मुक्त हो चुका है। यह अच्छी बात है। यदि मंत्री जी की घोषणा पूर्णतः सत्य है तो यह इस शासन की विशेष उपलब्धि है, किंतु इस उपलब्धि के साथ बाद में कोई किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। भविष्य में कहीं ऐसा कुछ सुनने या पढने को न मिल जाए कि नक्सलियों का उन्मूलन बड़े पूंजीपतियों के दबाव में उन वनों के भौतिक-औद्योगिक उपयोग के लिए किया गया है, जहां ऐसे पूंजीपति अपनी नवीन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं आरंभ करना चाहते हैं। नक्सल-समस्या से तो देश मुक्त हो चुका है, किंतु वैश्विक ऊर्जा व आपूर्ति संकट से घिर चुका है। इसके अतिरिक्त देश में बहुत-सी ऐसी समस्याएं हैं, जो केवल और केवल सामान्य मानव के स्तर पर जीवन जीकर ही अनुभव की जा सकती हैं। जब भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक रूप में विपक्ष में थी और उसकी बड़ी शासकीय स्थापना नहीं थी, तो प्रायः वह कांग्रेस तथा अन्य सत्तारूढ़ दलों पर अनेक आरोप लगाया करती थी। देश की समस्याओं का समाधान नहीं करने के लिए ऐसे दलों को भारत के लौकिक न्यायालय में खड़ा कर प्रश्न पूछा करती थी। भाजपा का तत्कालीन सत्ताधारी दलों से प्रश्न करना कभी नहीं रुका। सत्ताधारी दलों की मनमानी और समस्याओं का समाधान न करने की प्रवृत्ति भी ज्यों की त्यों बनी रही। किंतु वर्तमान समय तो शासन में स्थापना के दृष्टिकोण से भाजपा के अनुकूल है। इस समय वह 20 प्रदेशों तथा 2 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्तारूढ़ है। वह केवल 8 प्रदेशों व 6 केंद्रशासित प्रदेशों में सत्ता में नहीं है। इसके बाद भी अनेक सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याएं बनी हुई हैं और हर नए दिवस में पहले से अधिक विकराल हो रही हैं। जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर तथा दक्षिण भारतीय राज्यों की सीमाओं के समीप स्थित पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका तथा म्यांमार के माध्यम से भारत में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न की जाती रही हैं।

इन देशों से भारत के अंदर अवैध घुसपैठियों का निरंतर प्रवेश हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के राष्ट्रीयत्व के प्रभाव में देश में अवैध घुसपैठियों को पकडऩे का व्यापक अभियान चलाया गया था। अप्रैल 2025 के बाद से लेकर आज तक इस अभियान के अंतर्गत केवल 4000 अवैध प्रवासियों को बाहर निकाला गया है। इसमें से 2000 को औपचारिक रूप में पुनः उनके देश भेजा गया और 2000 स्वयं भयभीत होकर अपने आप चले गए, किंतु 2014 में सत्ता में आने के बाद से लेकर भाजपा के नेतृत्व में संसद से लेकर विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों एवं जानकारों तक ने जो आंकड़े दिए हैं, उसके अनुसार देश में अवैध रूप में रह रहे विदेशी लोगों की संख्या 1.50 से 2 करोड़ के बीच हो सकती है। इनमें सर्वाधिक बांग्लादेशी हैं। इन डेढ़-दो करोड़ अवैध लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए शासन ने पैन कार्ड, बैंक खाता, आधार कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट तथा अन्य विभिन्न प्रकार की पहचान प्रकट करने वाले पत्रों के अद्यतन की प्रक्रिया को अत्यंत जटिल बना दिया है। अवैध लोग इस प्रक्रिया से समस्याग्रस्त हों न हों, किंतु भारत के मूल नागरिकों को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए भीषण संघर्ष करना पड़ रहा है। पता नहीं शासन का वास्तविक, प्रामाणिक तथा भारतीय मूल नागरिकों के हितानुरूप चलाया जा रहा जनगणना कार्य कब तक संपन्न होगा। मूल नागरिकों तथा अवैध नागरिकों की सटीक पहचान के आंकड़ों का अंतिम निष्पादन होने में अभी पता नहीं कितना समय लगेगा।

## न्यायसंगत आरक्षण

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है।

## इबोला भारत से दूर, पर तैयारी जरूरी



भारत और अफ्रीकी संघ ने मई के अंतिम सप्ताह में नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन स्थगित कर दिया है। ग्लोबल बिग कैट पहल से जुड़ी एक अन्य अंतरराष्ट्रीय संरक्षण बैठक को भी टाल दिया गया है। इस बीच भारत ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर-जरूरी यात्रा के खिलाफ एडवाइजरी जारी की है। यह सब तीन अफ्रीकी देशों में इबोला के प्रकोप के कारण हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब इबोला ने वैश्विक कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों को प्रभावित किया हो। यह इस बात की भी याद दिलाता है कि संक्रामक रोगों के प्रकोप अब केवल स्वास्थ्य संबंधी मामले नहीं रह गये हैं।

डब्ल्यूएचओ ने 17 मई को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में बुनडिबुग्यो वायरस से फैले इबोला के प्रकोप के बाद इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित की। फिर युगांडा और दक्षिण सूडान में भी इबोला रोग के मामले सामने आये। इबोला रोग इबोला वायरस परिवार के कई वायरसों के कारण होता है। जहां जायरे इबोला वायरस के लिए वैक्सीन और कुछ उपचार संबंधी प्रगति उपलब्ध है, वहीं वर्तमान बीमारी बुनडिबुग्यो वायरस के कारण फैल रही है, जिसके लिए न लाइसेंस प्राप्त वैक्सीन है, न कोई प्रमाणित उपचार उपलब्ध है। बुनडिबुग्यो वायरस की पहचान पहली बार 2007 में युगांडा में हुई थी। अन्य इबोला वायरसों की तरह यह भी बुखार, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी, दस्त, रक्तस्राव, शॉक और गंभीर मामलों में कई अंगों के फेल होने जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। भूमंडलीकृत विश्व में संक्रमण लेकर यात्रा करने वाला व्यक्ति लक्षण गंभीर होने से पहले ही सीमाओं और महाद्वीपों को पार कर सकता है। कोविड के दौरान हम यह देख चुके हैं। वर्तमान प्रकोप का सबसे चिंताजनक पहलू इसकी पहचान में हुई देरी है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्टों के अनुसार, संभावित पहले मरीज में लक्षण शुरू होने और प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि होने के बीच चार सप्ताह का समय बीत गया। साथ-साथ फैल रहे आर्बोवायरल संक्रमण, मलेरिया और फ्लू जैसे रोगों ने चिकित्सकीय संदेह को जटिल बनाया और निदान में देरी की। भारत में आज तक और अब तक इबोला का कोई मामला सामने नहीं आया है और यहां इसके व्यापक खतरा बनने की आशंका भी कम है। पर दुनिया में कहीं भी होने वाला हर प्रकोप मजबूत तैयारी और ऐसी प्रणालियां विकसित करने की तत्काल जरूरत की याद दिलाता है, जो डब्ल्यूएचओ द्वारा 'डिजीज एक्स' या 'पैथोजन एक्स' कहे जाने वाले खतरों का सामना कर सकें। यह शब्द ऐसे अज्ञात रोगजनक के लिए प्रयोग किया जाता है, जो भविष्य में उभरकर गंभीर महामारी या वैश्विक महामारी फैला सकता है।

## दूरगामी कदम है चीन का एजेंटिक एआइ फ्रेमवर्क



आठ मई, 2026 को चीन की तीन सबसे शक्तिशाली नियामक संस्थाओं- साइबरस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ चाइना, नेशनल डेवलपमेंट एंड रिफॉर्म कमीशन और उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय-ने संयुक्त रूप से 'इंप्लीमेंटेशन ओपिनियंस ऑन द स्टैंडर्डाइज्ड एप्लिकेशन एंड इनोवेटिव डेवलपमेंट ऑफ इंटेलिजेंट एजेंट्स' शीर्षक से एक ऐतिहासिक दस्तावेज प्रकाशित किया। एजेंटिक एआइ के लिए दुनिया का पहला व्यापक राष्ट्रीय वैधानिक ढांचा। यह दस्तावेज सामान्य नियमन नहीं है। यह एक साथ औद्योगिक मंशा की घोषणा, भू-राजनीतिक संकेत, और उस तकनीक के लिए शासन का खाका है, जो पहले ही अर्थव्यवस्थाओं और समाजों को बदल रही है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अधिकांश सार्वजनिक चर्चा बड़े भाषा मॉडल्स पर केंद्रित रही है : ऐसे सिस्टम जो निर्देश मिलने पर सामग्री तैयार करते हैं। पर एजेंटिक एआइ सिस्टम इससे मूल रूप से अलग है। चीन का ढांचा एआइ एजेंट को ऐसे सिस्टम के रूप में परिभाषित करता है, जहां एक एजेंट केवल प्रश्नों के उत्तर ही नहीं देता, वह लक्ष्य निर्धारित करता है, संदर्भ याद रखता है, उपकरण चुनता है, और बहु-स्तरीय कार्यों को स्वायत्त रूप से पूरा करता है, अक्सर लगातार मानवीय निर्देशों के बिना। जब कई एजेंट समन्वय में काम करते हैं, तो एक संचालन करता है, अन्य निष्पादन, तब उत्पादन, सेवाओं और शासन पर उनका प्रभाव अत्यंत व्यापक हो सकता है।

इस ढांचे के निर्माण के पीछे तीन प्रमुख कारण सामने आये हैं। पहला औद्योगिक महत्वाकांक्षा है। चीन की 'एआइ प्लस' रणनीति 2027 तक इंटेलिजेंट टर्मिनल्स और सार्वजनिक सेवाओं में 70 प्रतिशत एजेंट अपनाने का लक्ष्य रखती है, जिसे 2030 तक 90 प्रतिशत तक बढ़ाया जायेगा। दूसरा है राजनीतिक नियंत्रण। एजेंटिक एआइ अपनी क्षमता के कारण एक साथ लाखों इंटरैक्शनों में स्वायत्त रूप से कार्य कर सकता है और वह ऐसे राजनीतिक तंत्र के लिए वास्तविक चुनौती पेश करता है, जो सूचना प्रबंधन और सामाजिक स्थिरता पर आधारित है। यह चीन के मौजूदा एआइ कंटेंट नियंत्रण की सोच को एजेंटिक स्तर तक बढ़ाता है, ताकि स्वायत्त सिस्टम नियंत्रित रह सकें। चीन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसका उद्देश्य इंटेलिजेंट एजेंट्स के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक तय करना है, केवल उनका पालन करना नहीं। हुआवेई और लेनोवो जैसी कंपनियों को लिनक्स फाउंडेशन की एजेंटिक एआइ मानक पहल जैसी संस्थाओं

## एक नजर

### नगर पालिका सीमा वृद्धि से छूटी ग्राम सभाओं के अवशेष भाग को नई ग्राम सभा बनाने की मांग

**खटीमा।** नगर पालिका के सीमा विस्तार के समय छूटी ग्राम पंचायत को मिलाकर अलग ग्राम सभा बनाने बाबत की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष कंजाबाग महेश राणा ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्राम सभा उम्रखुर्द, ग्राम सभा मुड़ेली को मिलाकर अलग ग्राम सभा बनाने की मांग की है। एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में मंडल अध्यक्ष कंजाबाग महेश सिंह राणा, किशोर जोशी, भुवन सिंह, गोकुल ओली, महेश सिंह, केदार सोनकर, गोविंद सिंह, भुवन जोशी आदि के हस्ताक्षर कर नई ग्राम सभा बनाकर ग्राम एवं ग्राम पंचायत से वंचित चल रहे लोगों को नई नगर पालिका सीमा अथवा नहीं ग्राम पंचायत गठित कर उससे जोड़ने की पुरजोर मांग की है।

### मायके से कॉल करके बुलाया और सुनसान गली में रेत दिया पत्नी का गला

**लखनऊ।** बाजारखाला थाना क्षेत्र में पति ने अपनी 26 साल की पत्नी का गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। सिर्फ इसलिए कि वो उसकी मारपीट से तंग आकर 3 महीने से मायके में रह रही थी। मामला बाजारखाला थाना क्षेत्र स्थित ऐशबाग के आठ नंबर गेट की गली का है। मृतका चांदनी की 7 साल पहले मोहम्मद शाहिद से शादी हुई थी। दोनों के एक 4 साल का बेटा भी है। लेकिन शादी के बाद से ही शाहिद चांदनी के साथ रोजाना मारपीट करता था। घरेलू हिंसा का शिकार चांदनी आखिरकार 3 महीने पहले तंग आकर अपने मायके तकिया चांद अलीशा, रामनगर ऐशबाग चली गई थी। वहीं बुधवार दोपहर जब चांदनी पड़ोस में रहने वाली भाभी जो कि एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं उन्हें देखने अस्पताल स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान आरोपी शाहिद ने फोन करके चांदनी को मिलने के बहाना बुलाया और फिर उसे ऐशबाग आठ नंबर गेट की गली में सुनसान जगह पर ले गया।

# कल से प्रदेश के कई जिलों में तूफान और बारिश का अलर्ट, आठ से दस डिग्री तक गिरेगा पारा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** नौतपा के दौरान भीषण गर्मी और तपिश से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से 28 से 31 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में प्री-मानसून बारिश, तेज हवाओं और गरज-चमक की संभावना जताई है। कई जिलों में ओलावृष्टि की भी आशंका है।

बारिश और तेज हवाओं के असर से प्रदेश के तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने का अनुमान है। इससे लोगों को अगले एक सप्ताह तक लू और झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। एक हफ्ते बाद तपिश भरे दिनों की फिर से वापसी होगी। फिलहाल बृहस्पतिवार को



बुंदेलखंड व प्रयागराज में लू और तपिश महसूस की जाएगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 28 मई से प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नम हवाएं मौसम को तेजी से बदल रही हैं। इन परिस्थितियों के कारण प्रदेश में व्यापक स्तर पर बारिश और तेज आंधी की स्थिति बन रही है।

मौसम विभाग ने 29 मई के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। कुछ स्थानों पर हवाओं की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### यहां है ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

सहारनपुर, शामती, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आस पास के क्षेत्र।

### यहां चलेंगी 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली आंधी

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभत, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी व आस पास के क्षेत्र।

# लखनऊ में कारोबारी की गोली मारकर हत्या, बाइक से आए बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

एजेंसी समाचार





**लखनऊ।** लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में दिनदहाड़े रियल एस्टेट कारोबारी पर बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में तीन गोलियां लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस जमीन विवाद और पुरानी रंजिश समेत कई पहलुओं पर जांच कर रही है।

पीजीआई के कल्ली पश्चिम इलाके में बुधवार दोपहर करीब 12.30 बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने रियल एस्टेट कारोबारी जौनपुर निवासी संदीप कुमार (40) को तीन गोलियां मार दी। गंभीर रूप से घायल संदीप को एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत बेहद गंभीर बताई गई है। यहां देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस की कई टीमें हमलावरों की तलाश में लगी हैं।

डीसीपी साउथ अमित आनंद ने बताया कि संदीप कुमार मौजूदा समय में पीजीआई के वृंदावन कालिंदी पार्क के पास किराये के मकान में रहकर रियल एस्टेट का काम करते हैं। उनको कल्ली पश्चिम इलाके में प्रॉपर्टी डीलिंग का दफ्तर है। रोज की तरह बुधवार दोपहर करीब 12 बजे वह कर्मचारी विपिन कुमार के साथ कार से दफ्तर के लिए निकले। आधे घंटे के बाद वह लोग दफ्तर पहुंचे। संदीप कार से उतरकर फोन पर बातचीत करते हुए दफ्तर की तरफ जाने लगे। इस बीच सफेद गमछा लपटे एक युवक वहां पहुंचा और उसने एक के बाद एक संदीप को तीन गोलियां मार दी। एक गोली सीने, एक पेट और एक सिर पर लगी। इस बीच हमलावर बाइक सवार एक साथी के साथ रायबरेली सड़क की तरफ भाग निकला।

खून से लथपथ संदीप वहीं गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुन संदीप का कर्मचारी विपिन कार से उतर कर उनके पास पहुंचे और मदद के लिए शोर मचाया। शोर होने पर आसपास के लोग जमा हो गए। घायल संदीप को फौरन इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# वार्ड नंबर 5 में दो सड़कों का उद्घाटन, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खटीमा क्षेत्र में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद खटीमा द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर पालिका परिषद खटीमा द्वारा वार्ड नंबर 5 में निर्मित दो सड़कों का विधिवत उद्घाटन नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष ने वार्डवासियों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं, व्यवस्थाओं एवं आवश्यक विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष रमेश चंद्र



फीता काट कर सीसी मार्ग का लोकार्पण करते पालिक अध्यक्ष रमेश जोशी।

जोशी ने कहा कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास पर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर सभासद बसंती सामंत, राजेंद्र सामंत, प्रेम सिंह चौहान, निर्मल बिष्ट, ममता चंद, त्रिलोक सामंत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हिंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 'मंत्रा वॉटर पार्क' में उठाया समर कैंप ट्रिप का आनंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भीषण गर्मी के बीच बच्चों को तनावमुक्त करने और मनोरंजन के साथ कुछ नया सिखाने के उद्देश्य से हिंद पब्लिक स्कूल द्वारा एक दिवसीय समर कैंप ट्रिप का आयोजन किया गया। स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को खटीमा स्थित प्रसिद्ध 'मंत्रा वॉटर पार्क' का भ्रमण कराया गया, जहाँ बच्चों ने जमकर मस्ती की।

इस शैक्षणिक व मनोरंजक ट्रिप का सफल संचालन स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका मैम रेनू सिंह के कुशल समन्वय में किया गया। वह पहुंच के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की वॉटर राइड्स, वेव पूल और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए गर्मी से राहत पाई और इस पल को यादगार बनाया। स्कूल



समर कैंप का आनंद लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार ने इस सफल आयोजन पर बच्चों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा "किताबी ज्ञान के साथ-साथ बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए इस तरह के मनोरंजक ट्रिप बेहद जरूरी हैं। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में टीम भावना और अनुशासन का विकास होता है। हमारा उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और आनंदमय माहौल प्रदान करना है।" ट्रिप के दौरान बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। सभी छात्र शाम को बेहद खुश और एक नई ऊर्जा के साथ वापस लौटे।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी उपप्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट, रेनू सिंह, रोली सक्सेना, डिक्सी बेस्टियन, रंजीत मेहरा, विष्णु भास्कर त्रिपाठी, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, टीडी पचोली, गीता कन्याल, योगेश गुप्ता, पूनम गुम्बर, पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप, दीपा नेगी, कविता चंद, पूजा पांडे, चंद्रप्रभा, कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, रोहित सिंह, नीतू कन्याल, प्रिया भट्ट, हिमांशु भट्ट राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, ईश्वरी जोशी, योगिता पांडे, इफत यासमीन, श्वेता सिंह, लता जोशी, प्रमोद पांडेय, राकेश मौर्या, हर्ष गुप्ता, मनीषा मोटवानी अभिलाषा गुप्ता, गीता जोशी, कविता खड़कवाल, चंपा विश्वकर्मा, सायना मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# भविष्य का निर्माता है आज का युवा: पवन कुमार जैन

## उत्सव पैलेस में हुआ मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह, छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की इकाई द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्सव पैलेस में मेधावी छात्र अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया ने इस अवसर पर वैश्य समाज को संगठित होकर कार्य करने पर बल दिया। सभी सनातनियों को साथ लेकर चलने के लिए प्रेरित किया।

संगठन के प्रदेश महामंत्री भारत भूषण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। वैश्य समाज के सभी घटकों के पदाधिकारियों, मेधावी विद्यार्थियों एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त वैश्य समाज एक प्लेटफार्म पर आकर अपनी शक्ति प्रदर्शित





करें तभी राजनीतिक शक्ति और सत्ता में भागीदारी मिल सकती है। समारोह के कार्यक्रम अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने सभा को संबोधित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि आज का युवा भविष्य का निर्माता है।

सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान भजन गायक प्रेम खत्री द्वारा किया गया। उसके बाद संगठन के दायित्व धारियों द्वारा सभी अतिथियों को बैज़, पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मेधावी विद्यार्थियों में उत्तर प्रदेश बोर्ड एवं सीबीएसई के हाई स्कूल एवं इंटर के जिला स्तर पर आवेदित उच्चतम अंक पाने वाले टॉप 10 के आधार पर कुल 40 मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में वैश्य समाज से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों के समर्पित लोगों को वैश्य रत्न से सम्मानित किया गया।

लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रवि प्रकाश, एस के गुप्ता, अलका जैन, डॉक्टर गौरव वार्ष्णेय, रमेश चंद्र अग्रवाल, पुष्पा गुप्ता देवेंद्र कुमार गुप्ता, डॉक्टर मानस सिंघल तृप्ति माहौर, प्रांजल सिंघल, शिवा अग्रवाल(सीए), डॉक्टर प्रयांश जैन, विशाल अग्रवाल, डॉक्टर हर्ष गुप्ता के अतिरिक्त समाज के अन्य वर्गों के सतीश भाटिया, शैलेंद्र शर्मा, अचल राज पांडे, अमृत कपूर एवं प्रतीक शर्मा को भी स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर रामपुर, शाहबाद, स्वार, मसवासी एवं बिलासपुर से पधारे वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के अध्यक्षों व महामंत्रियों एवं अतिथियों का भी अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के महामंत्री शरद गुप्ता एवं वेद प्रकाश वर्मा द्वारा वार्षिक आख्या प्रस्तुत की गई। वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल द्वारा सभी अतिथियों, मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों, पत्रकारों आयोजकों, उपस्थित मातृशक्ति एवं गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन एवं आभार प्रकट करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की।

### यह रहे मौजूद

राजकुमार अग्रवाल अजय अग्रवाल वीरेंद्र गर्ग, डॉ अजय अग्रवाल, रवीन्द्र गुप्ता, डॉक्टर अभय कुमार, पूनम गुप्ता, प्रशाली अग्रवाल, स्मिता गुप्ता, दीपा गुप्ता, नमिता सिंघल, अरुणा मांगलिक, अलका गुप्ता, श्वेता वर्मा, नीता अग्रवाल, उमेश सिंघल, विवेक गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, निर्भय गर्ग, मोहित अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, ईश्वर शरण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, रामेंद्र गुप्ता, राम गुप्ता, धीरज सिंघल आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# बिजली संकट पर अखिलेश का व्यंग्य, कहा- सीएम की समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री आते नहीं? या बुलाए नहीं जाते

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। उन्होंने तंज कसा कि शुक्र है उत्तर प्रदेश के 'असफल मुख्यमंत्री' ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्ली वालों के भेजे हुए दूत की साजिश है।



अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं तो उनके 'कंधे पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ़ चिट्ठी लिखकर, जनता के आक्रोश से बचने का काम करते हैं।


अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने दस साल में बिजली विभाग को बर्बाद कर दिया है। बिजली का एक भी नया कारखाना नहीं लगाया और न एक यूनिट बिजली का उत्पादन बढ़ाया। भाजपा सरकार केवल मीटरों को बदल-बदल कर जनता से उगाही करती रही। भाजपा ने जनता को ठगने और लूटने का काम किया। कहा कि सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाने और बिजली देने के बजाय तरह-तरह के कुतर्क कर जनता को गुमराह करने का पाप कर रही है।

# 50 हजार रुपये में बिक रहा 'शाहरुख' नाम का बकरा

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ की खदरा बकरा मंडी बकरीद से एक दिन पहले बुधवार को सुबह से देर रात तक खरीदारों और व्यापारियों की भीड़ लगी रही। दूरदराज जिलों से व्यापारी बोलेरो पिकअप और अन्य वाहनों से बकरे लेकर पहुंचे। मंडी में महंगे और आकर्षक बकरे लोगों के बीच आकर्षण और चर्चा का विषय बने रहे। वहीं कुछ व्यापारी भेंड़ भी लेकर बेचने के लिए पहुंचे। मंडी में रामसनेही बाबरी नस्ल के सफेद रंग और लंबे सींग वाले 'सार्थक' नाम के बकरे को 45 हजार रुपये में बेचा। वहीं 50 हजार रुपये कीमत का 'शाहरुख' नाम का सजा-धजा बकरा भी लोगों का ध्यान खींचता रहा। सीतापुर से आए लतीफ 25 हजार रुपये कीमत का भेड़ लेकर बेचने के लिए पहुंचे।

वहीं लखीमपुर से आए इमरान ने 26 हजार रुपये में अपना बकरा



बेचा। सिधौली से आए साजिद का 90 हजार रुपये कीमत का बड़ा बकरा मंडी में आकर्षण का केंद्र बना रहा। लोग इन बकरों के साथ फोटो और वीडियो बनाते नजर आए।

व्यापारियों का कहना है कि बकरीद करीब आने के साथ देर रात तक खरीदारी चल रही है और उन्हें अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। शाम ढलते ही मंडी में मोलभाव और खरीदारों की भीड़ और बढ़ गई। दुबग्गा, नीबू पार्क, ऐशबाग, खुर्रम नगर, इंदिरानगर समेत अन्य स्थानों पर भी बकरों की मंडी सजी रही।

**कामयाबी** — एटीएस की बड़ी कार्रवाई, आईएसआई हैंडलर्स से जुड़े थे आरोपियों के तार

# पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के चार स्लीपर सेल पकड़े

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने सहारनपुर से चार संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया, जिन पर पाकिस्तानी गैंगस्टर और विदेशी हैंडलर्स से जुड़े होने का आरोप है। जांच में संवेदनशील स्थानों की रेकी, युवाओं को भड़काने और देशविरोधी गतिविधियों की साजिश के संकेत मिले हैं। एजेंसियां मामले की गहराई से पूछताछ कर रही हैं।

यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के स्लीपर सेल से जुड़े चार युवकों सहारनपुर निवासी महकाब व शाहरुख, मुजफ्फरनगर निवासी गगनदीप उर्फ गुरी सिंह और हरिद्वार निवासी मुशर्रफ को मंगलवार को सहारनपुर से गिरफ्तार किया। चारों पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में थे और उसके इशारे पर संवेदनशील जगहों की



रेकी करने के साथ देशविरोधी गतिविधियों के लिए युवाओं को शामिल कर रहे थे।

एडीजी कानून-व्यवस्था एवं एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि इस माड्यूल के बारे में एटीएस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से जांच की थी जिसमें चारों की संलिप्तता पाकिस्तानी गैंगस्टर्स के अलावा आईएसआई के हैंडलर्स के साथ होने के प्रमाण मिले थे। चारों सोशल मीडिया एवं वीडियो कॉलिंग के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे।

उनके इशारे पर संवेदनशील स्थलों की रेकी करने के साथ युवाओं को आतंकी गतिविधियों की साजिश में शामिल होने के लिए जोड़ रहे थे। इसके पुख्ता सुबूत मिलने पर चारों को सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें रिमांड पर लेकर आईएसआई के मंसूबों के बारे में पूछताछ की जाएगी। पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी आईएसआई के इशारे पर पश्चिमी यूपी के युवाओं को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के लिए लगातार बरगला रहा है। इससे पहले भी शहजाद के संपर्क में रहने वाले आधा दर्जन से अधिक युवाओं को पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड से गिरफ्तार किया जा चुका है। इन सभी को सामरिक महत्व की जगहों, महत्वपूर्ण सरकारी प्रतिष्ठानों, हिंदूवादी नेताओं को निशाना बनाने का टास्क सौंपा जाता है। बदले में लाखों रुपये और हथियार मुहैया कराए जाते हैं।

# स्मृति ईरानी का अमेठी दौरा: कार्यकर्ताओं में भरा जोश, यूपी चुनाव के लिए संगठन मजबूत करने का दिया संदेश

एजेंसी समाचार

**अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद स्मृति जुबिन ईरानी बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन मजबूती पर जोर दिया और कई पीड़ित व शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

लखनऊ से सड़क मार्ग से अमेठी पहुंची स्मृति ईरानी ने सबसे पहले तिलोई विधानसभा क्षेत्र के करनगांव पहुंचकर दिवंगत भाजपा बूथ अध्यक्ष बृजेश चंद्र तिवारी के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद गौरीगंज के जुठीपुर गांव पहुंचकर दिवंगत बूथ अध्यक्ष पवन पासी के परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया। मुसाफिरखाना स्थित एक निजी होटल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के समापन सत्र में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

**सूचना**

मेरा पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या 18560 जो कि मेरा General Nursing Midwifery डिप्लोमा प्रमाण पत्र है। यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। जोकि पूरनपुर में जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया है। निवेदन करती हूं कि कृपया इस प्रमाण पत्र के खो जाने की सूचना दर्ज कर कार्रवाई करे। यदि मेरा प्रमाण पत्र मिल जाता है। मुझे दिलाने की कृपा करे।

कमलप्रीत कौर पत्नी, गुरपीत सिंह
पता ग्राम बलबानी, पोस्ट दुधिया खुर्द, तहसील पूरनपुर जिला, पीलीभीत, उत्तर प्रदेश

## केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की बड़ी पहल

# अब शाहजहांपुर तक दौड़ेगी टनकपुर-पीलीभीत पैसेंजर

### बीसलपुर रूट के यात्रियों को मिली बड़ी सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पीलीभीत।** क्षेत्रीय जनता की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से अब टनकपुर-पीलीभीत पैसेंजर ट्रेन का विस्तार शाहजहांपुर तक कर दिया गया है। बीसलपुर होकर ट्रेन संचालन बढ़ाए जाने से पीलीभीत, बीसलपुर, शाहजहांपुर और उत्तराखंड सीमा से जुड़े हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। खासकर दैनिक यात्रियों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और छात्र-छात्राओं को अब सफर के लिए बसों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ट्रेन के शाहजहांपुर तक बढ़ने से लोगों को बार-बार वाहन बदलने की परेशानी से भी छुटकारा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह जनहित में है और इससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

टनकपुर, पीलीभीत, बीसलपुर और शाहजहांपुर के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होने से यात्रियों के समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने ट्वीट और आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पीलीभीत और शाहजहांपुर की जनता लंबे समय से इस मांग को उठा रही थी। अब इस ट्रेन विस्तार से क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

# तेज गर्मी का असर, उल्टी-दस्त बुखार के बढ़े मरीज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत/पूरनपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप का असर अब लोगों की सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप के कारण लोग तेजी से बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। धूप से बचने के लिए लोग सिर पर गमछा बांधे दिख रहे है। इसी के साथ ही मौसम ने भी बीमारियों को बढा दिया है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। ज्यादातर मरीज उल्टी-दस्त, बुखार और पेट दर्द के हैं। दोपहर के समय गर्मी और लू का प्रकोप सबसे ज्यादा होने से जरूरी काम के लिए बाहर निकलने वाले लोग हीट स्ट्रोक (लू लगने) और डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। शरीर में पानी की अचानक कमी के कारण लोगों को चक्कर आना, जी मिचलाना और कमजोरी जैसी शिकायतें हो रही हैं। धूप के सीधे संपर्क और दूषित खान-पान के कारण पेट दर्द तथा फूड प्वाइजनिंग के मामलों में भी तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालात ऐसे हैं कि अस्पतालों में पहुंचने वाला हर दूसरा या तीसरा मरीज पेट में ऐंठन, उल्टी और दस्त की समस्या से पीड़ित मिल रहा है। डाक्टरों ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी नहीं होने देनी चाहिए। दिनभर में कम से कम 3 से 4 लीटर पानी पिएं। नींबू पानी, ओआरएस और छाछ का सेवन करते रहें। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और मुंह को सूती कपड़े से ढककर ही निकलें।

## पूरनपुर क्षेत्र में चरमराई बिजली व्यवस्था से लोग परेशान

**पूरनपुर।** क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। शाम से शुरू हुई बिजली कटौती का सिलसिला पूरी रात तक चलता रहता है। बार-बार बिजली आने-जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी में लोग रातभर जागने को मजबूर हो रहे हैं। वहीं पेयजल संकट भी गहरा गया। अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। इसके बाद क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहता है। मंगलवार को देर रात करीब नौ बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। करीब आधे घंटे बाद ही फिर बिजली गुल हो गई। लगातार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पूरी रात पंखे और कूलर बंद रहने से लोग घरों के बाहर टहलते नजर आए। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली न रहने से इनवर्टर भी जवाब दे गए। वहीं कई घरों में पानी की मोटर नहीं चल सकी, जिससे पेयजल संकट पैदा हो गया, ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बिजली व्यवस्था खराब चल रही है। हल्की बारिश या फाल्ट होने पर घंटों बिजली गायब रहती है।

## सार संक्षेप


मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर कार्यशाला में भाग लेते भाजपाई।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला कार्यशाला आयोजित

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान के तहत जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रभारी गुलशन आनंद, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य व अन्य पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक जिले भर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण कार्यक्रम, मीडिया संवाद, जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, प्रदर्शनी एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य है।

### कोतवाली पुलिस ने राहगीरों के लिए लगाया पयाऊ


लोगो को शरबत वितरण करते पुलिसक्षेत्राधिकारी।

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए कोतवाली परिसर के सामने राहगीरों के लिए पयाऊ की व्यवस्था की है। पयाऊ पर आने-जाने वाले लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे राहगीरों को गर्मी से राहत मिल रही है। कोतवाली प्रभारी पवन पांडे के निर्देशन में शुरू की गई इस पहल का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया और पुलिस की सराहना की। राहगीरों का कहना है कि चिलचिलाती धूप में ठंडा पानी मिलना किसी राहत से कम नहीं है। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया पयाऊ पर पहुंचे,उन्होंने लोगों को रोक रोक कर शरबत वितरण किया। पुलिस कर्मी भी समय-समय पर पयाऊ की व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं। ताकि लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी लगातार मिलता रहे। क्षेत्र के सामाजिक लोगों ने भी इस कार्य को जनसेवा की दिशा में सराहनीय कदम बताया है। देर शाम तक पयाऊ चलता रहा। इस दौरान कई लोग व पुलिस मौजूद रही।

### आबकारी व पुलिस की छापेमारी में महिला गिरफ्तार


शराब के साथ गिरफ्तार महिला।

**पूरनपुर।** आबकारी विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने घुंघचाई क्षेत्र के कई गांवों में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया।जिसमे महिला को गिरफ्तार किया है। घुंघचाई क्षेत्र में कच्ची शराब बडे पैमाने पर निकाल कर बिक्री की जा रही है। क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब की शिकातें आबकारी बिभाग और पुलिस को मिल रहीं थीं। इसको लेकर वुदवार को आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा घुंघचाई थाने पहुंचे, पुलिस और आबकारी बिभाग ने संयुक्त रूप से कई गांवो में छापामारी की। घुंघचाई क्षेत्र के सिमराया में दबिश देकर दी गई। जंहा एक महिला के घर से सात लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर उसको गिरफ्तार कर लहन नष्ट कराया गया, जबकि शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी कब्जे में लिए गए। अभियान से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। पूछताछ में पकडी गई महिला ने अपना नाम विमला देवी निवासी सिमराया थाना घुंघचाई वताया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत महिला पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। आबकारी निरीक्षक रोहित शर्मा ने वताया कि अवैध कच्ची शराब को लेकर विभाग लगातार अभियान चला रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था खराब करने वालों और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### विद्यालय में वित्तीय अनियमितता का आरोप, प्रबंध कमेटी भंग करने की मांग

**पूरनपुर।** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में वित्तीय अनियमितता और बदहाल व्यवस्था का आरोप लगाते हुए भाजपा रामनगर मंडल टीम ने भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विद्यालय की वर्तमान प्रबंध कमेटी को भंग कर पारदर्शी चुनाव कराने की मांग की गई। मंडल अध्यक्ष विजय सिंह ने आरोप लगाया कि विद्यालय में विकास कार्य, रंगाई-पुताई और शौचालय मरम्मत के नाम पर सरकारी धन व कृषि आय में गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि कागजों में विकास दिखाया गया, जबकि विद्यालय की स्थिति जर्जर बनी हुई है। शिकायत में भवन की टूटी दीवारें, खराब कक्षाएं और छात्राओं के शौचालयों में दरवाजे न होने का भी उल्लेख किया गया।

# अमरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय


महावारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को जानकारी देते स्वास्थ्य कर्मी।

**अमरिया।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर अमरिया में किशोरियों को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माहवारी से जुड़ी समस्याओं, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारियां साझा की गईं।

कार्यक्रम के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इस उम्र में हार्मोनल बदलाव के कारण लड़कियों और लड़कों के शरीर में कई परिवर्तन होते हैं, जिनकी सही जानकारी होना जरूरी है ताकि किशोर-किशोरियां किसी प्रकार की घबराहट का शिकार न हों। किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड के सही उपयोग, समय-समय पर पैड बदलने, शरीर एवं कपड़ों की साफ-सफाई रखने तथा इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही संक्रमण और बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में सुरक्षित यौन व्यवहार, सही उम्र में विवाह तथा गलत जानकारी और अफवाहोंh से बचने के प्रति भी जागरूक किया गया। खासतौर पर माहवारी के दिनों में स्वच्छता बनाए रखने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। किशोरियों की काउंसलिंग भी की गई तथा उपस्थित सभी किशोरियों को सेनेटरी पैड एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। यह कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिकेत गंगवार के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान बीपीएम जसीम हुसैन, बीसीपीएम मज़हर, जिला समन्वयक अधिकारी अबसार अहमद एवं काउंसलर फ़रहत जहां सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुत्री की ससुराल पहुंचे माता-पिता को पीट कर भगाया

**पूरनपुर।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर माता पिता को पीटने का आरोप लगाया है। शिकायत पुलिस से की गई है। थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा निवासी युवती ने वताया कि उसकी शादी तीन साल पहले दियूरियाकला थाना क्षेत्र के गांव मधवापुर निवासी युवक के साथ की थी। आए दिन उसका पति और ससुराली आए दिन मारपीट कर प्रताडित करते है। कईबार घर से निकाल चुके हैं। 26 मई को ससुरालियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसको मारपीट कर घर से भगा दिया,जानकारी लगने पर उसके पिता और मां पुत्री को लेकर उसकी ससुराल पहुंचे और ससुरालियों का समझने का प्रयास किया। आरोप है कि विवाहिता और उसके माता-पिता के साथ गाली गलौज की,मना करने पर मारा पीटा जिससे बह घायल हो गया।

### शादी करने से मना पर युवक पर चाकू से किया हमला, पांच हजार रुपये लूटने का आरोप

**पूरनपुर।** शादी करने से मना करने पर युवक पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया।पुलिस ने केस दर्ज किया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव नगरिया खुर्दकला निवासी मिथुन वाला ने बताया कि उसका अपनी पत्नी पिंकी वाला से छह माह पहले मन मुटाव हो गया था। इसके बाद वह अपने मायके चली गई। इसी दौरान वह अपनी मां के साथ अपने घर पर रहता था। गांव निवासी चंदन मंडल आपनी जान पहचान वाली अन्नू मंडल को लेकर उसके घर पर आ गया और चंदन मंडल व पंकज मंडल ने उस पर अन्नू मंडल के साथ दूसरी शादी करने का दवाव बनाया। लेकिन पीडित ने अपनी पत्नी व बच्चे होने के चलते शादी करने से मना कर दिया। आरोप है कि दो जनवरी को चंदन मंडल,पंकज मंडल अन्नू मंडल को लेकर रात्रि में उसके घर आए और अन्नू मंडल से शादी करने का जबरन दवाव वनाया। विरोध करने पर गालियां दी। इसके बाद पंकज व चंदन ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद उसके चेहरे पर बार किया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर उसकी मां आ गई। आरोपी है कि अन्नू मंडल ने पांच हजार रुपये लूट लिए। शोर मचाने पर आरोपी शादी न करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। मामले की सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस से की,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बकरीद को लेकर पुलिस सतर्क,गांवों में किया फ्लैग मार्च

जागरण मोर्चा, कार्यालय


फ्लैग मार्च निकालती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** आगामी त्योहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) आज है। इसको सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आ रही है,पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला।

गुरुबार (आज) बकरीद मनाई जाएगी। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले गांवों व नगर में पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम गांवों की मुख्य सड़कों, बाजारों तथा संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरी। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों एवं व्यापारियों से बातचीत कर त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया, पुलिस ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए थाना क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई जा रही है और संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास न किया जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और कहा कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की मौजूदगी से ग्रामीणों में सुरक्षा का एहसास देखने को मिला।

इस अवसर पर थाना पुलिस के उपनिरीक्षक, कांस्टेबल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ओवररेट शराब देने के विरोध पर युवक पर चाकू से हमला

- घायल जिला अस्पताल रेफर, सेल्समैन पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पूरनपुर।** शराब के निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूलने का विरोध करने पर सेल्समैन ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी मीना देवी ने वताया कि असम हाईवे पर सिरसा चौराहे पर शराब की दुकान है। सोमवार की देर शाम करीव आठ बजे उनका पुत्र अजय दुकान पर शराब लेने गया था। सेल्समैन अनिल जायसवाल ने शराब के अंकित मूल्य से अधिक रुपये मांगे। पुत्र ने ओवररेट देने से इन्कार कर दिया। आरोप है कि इस पर सेल्समैन ने उसके पुत्र पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल होकर बेदम हुआ उसका पुत्र जमीन पर गिर गया। इसको लेकर खलवली मच गई। वमुश्किल लोगों ने विवाद शांत कराया। इस दौरान घायल अजय को किसी ने उसे सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी से अजय को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मीना का आरोप है कि पुत्र को चाकू से घायल करने की जानकारी पर शराब दुकान के सेल्समैन ने गाली -लौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने मीना देवी की ओर से सेल्समैन अनिल जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।




### जून से अगस्त तक नोडल होगा राशन वितरण

**पीलीभीत।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी के आदेशानुसार जून से अगस्त 2026 तक उचित दर की दुकानों पर नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में राशन वितरण कराया जाएगा। राशनकार्ड धारकों को ई-पॉश मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। आधार प्रमाणीकरण न होने की स्थिति में वितरण के अंतिम दिन ओटीपी वेरिफिकेशन से राशन प्राप्त किया जा सकेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 21 किलो गेहूं व 14 किलो चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल नि :शुल्क वितरित होगा।

### वलीमा समारोह में दहेज की बाइक चोरी का प्रयास

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव शेरपुरकला में चल रहे वलीमा समारोह के दौरान दहेज में मिली बाइक चोरी कर ले जा रहे एक संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकला में मंगलवार की रात करीव दस बजे वलीमा समारोह चल रहा था। बताया जा रहा है कि वलीमा समारोह में बड़ी संख्या में मेहमान शामिल थे। एक संदिग्ध भी समारोह में पहुंचा। लोग व रिस्तेदार काम में व्यस्त थे। इसी दौरान एक युवक चुपके से दहेज में मिली बाइक लेकर जाने लगा, इस दौरान मौके पर बाइक गायब मिली। जिससे खलवली मच गई।लोग वाइक की तलाश कर रहे थे। पैट्रोल पंप के पास एक संदिग्ध वाइक ले जा रहा था। इस दौरान वाइक ले जा रहे संदिग्ध पर लोगों की नजर पड़ी,शक होने पर उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया।

भ्रमण | विद्यार्थियों ने सफारी के माध्यम से जंगल भ्रमण कर प्रकृति, वन्यजीवों और पर्यावरण के बारे में जानकारी प्राप्त की

# द वर्डेंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षिक भ्रमण

जागरण मोर्चा कार्यालय


दुधवा नेशनल पार्क का भ्रमण करते वर्डेंट स्कूल के बच्चे। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** द वर्डेंट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दुधवा नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाले किशनपुर वन्यजीव अभयारण्य का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने सफारी के माध्यम से जंगल भ्रमण कर प्रकृति, वन्यजीवों और पर्यावरण के बारे में जानकारी प्राप्त की।

वन क्षेत्राधिकारी अय्यूब हसन ने बच्चों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और जंगल में सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं भी शांत कीं। सफारी के दौरान बच्चों ने स्पॉटेड डियर, हॉग डियर, स्वाम्प डियर, मोर, किंगफिशर, वाइल्ड डक और फाल्कन सहित कई वन्यजीव एवं पक्षियों को देखा। कुछ विद्यार्थियों को टाइगर के भी दर्शन हुए, जिससे उनका उत्साह बढ़ गया। बच्चों ने जंगल की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए यादगार पलों को कैमरों में कैद किया। टरक्वाइज वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के अख्तर मियां खान एवं विकारुल खान ने भ्रमण को सफल बनाने में सहयोग किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मोहम्मद असद खान एवं प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

# पूर्णागिरी से लौट रही नवविवाहिता चलती ट्रेन से गिरी, लोहे के पोल से टकराया सिर, मौत



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पूर्णागिरी देवी के दर्शन कर खुशियों के साथ घर लौट रहा एक परिवार बुधवार सुबह चीख-पुकार में बदल गया। बदायूं की 25 वर्षीय नवविवाहिता खुशबू गुप्ता चलती ट्रेन से नीचे गिर गईं और लोहे के पोल से सिर टकराने के बाद उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि ट्रेन में बैठे यात्रियों की भी चीख निकल गई। कुछ ही सेकंड में पति की आंखों के सामने पत्नी की सांसें थम गईं। बदायूं जिले के कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव बमनौसी निवासी खुशबू गुप्ता अपने पति अंकित माहेश्वरी और मां के साथ पूर्णागिरी देवी के दर्शन कर लौट रही थीं। ट्रेन में भीषण गर्मी और उमस के चलते उनका जी मिचलाने लगा। परिजनों ने बताया कि खुशबू ने उल्टी आने की बात कही और ताजी हवा लेने के लिए ट्रेन के दरवाजे के पास जाकर बैठ गईं। किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा।

**अचानक बिगड़ा संतुलन, चलती ट्रेन से नीचे गिरी**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन भमोरा थाना क्षेत्र में रम्पुरा अंडरपास के पास पहुंची ही थी कि अचानक खुशबू का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते वह चलती ट्रेन से नीचे जा गिरीं। गिरते समय उनका सिर रेलवे लाइन किनारे लगे लोहे के पोल से जा टकराया। जोरदार टक्कर लगते ही मौके पर खून फैल गया और खुशबू ने वहीं दम तोड़ दिया।

### पति की आंखों के सामने उजड़ गई दुनिया

हादसे के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। पति अंकित चीखते हुए नीचे उतरे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास मौजूद यात्रियों की भी आंखें नम हो गईं। बताया जा रहा है कि खुशबू की शादी नवंबर महीने में हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद इस हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं।

### पुलिस पहुंची, पोस्टमॉर्टम को भेजा शव

घटना की सूचना मिलते ही भमोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव बमनौसी में मातम पसरा हुआ है। जिसने भी इस घटना के बारे में सुना, वह सन्न रह गया। परिवार वालों का कहना है कि खुशबू देवी दर्शन कर बेहद खुश थीं, लेकिन किसी को नहीं पता था कि लौटते वक्त मौत उनका इंतजार कर रही है।

# 60 हजार में हुआ था 'ऋषभ' का सौदा! मनौना धाम से अगवा मासूम मुठभेड़ के बाद बरामद

## अपहरणकर्ताओं के पैरों में लगी गोली, पांच हजार रुपये भी मिल चुका था एडवांस



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आंवला स्थित मनौना धाम से डेढ़ साल के मासूम ऋषभ के अपहरण के पीछे बच्चों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का सनसनीखेज खेल सामने आया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अपहरणकर्ताओं योगेश और पवन ने मासूम का 60 हजार रुपये में सौदा किया था। इसके लिए उन्हें पांच हजार रुपये एडवांस भी मिल चुका था। मगर जब आरोपी बच्चे को लेकर लखीमपुर खीरी पहुंचे तो वहां मौजूद खरीदार ने यह कहकर बच्चा लेने से इनकार कर दिया कि उसे पांच-छह महीने का बच्चा चाहिए था।

**मेडिकल कॉलेज में हुई पहचान, फिर शुरू हुआ बच्चा सप्लाई का खेल**

पुलिस के मुताबिक शाहजहांपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स योगेश की पहचान लखीमपुर खीरी के युवक से हुई थी। गाल ब्लैडर ऑपरेशन के दौरान दोनों में नजदीकी बढ़ी और युवक ने योगेश से बच्चा उपलब्ध कराने की मांग कर दी। इसके बाद योगेश ने अपने दोस्त पवन को इस काम में शामिल किया। पांच हजार रुपये एडवांस मिलते ही दोनों बच्चे चोरी करने के लिए सक्रिय हो गए।

**शनिवार को रेकी, रविवार को उठा ले गए ऋषभ**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पहले कई मंदिरों की रेकी की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मनौना धाम पहुंचे, जहां उन्होंने शनिवार को पूरे दिन बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखी। रविवार को जैसे ही रमन के तीनों बच्चे बाहर निकले, दोनों उनके पीछे लग गए। बड़ी बच्चियों को खीरा और टॉफी देकर बहलाया और ऋषभ को उस जगह ले गए जहां सीसीटीवी कैमरा खराब था। इसके बाद बाइक पर बैठाकर फरार हो गए।

### बाइक एक्सीडेंट में घायल हुआ था मासूम

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अपहरण के बाद शाहजहांपुर जाते समय उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें गिरने से ऋषभ के सिर में चोट लग गई। इसके बाद दोनों एक दिन पवन के कमरे पर रुके, जहां पवन की पत्नी ने बच्चे की देखभाल की।

### गैंग के बाकी सदस्यों की तलाश जारी

एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि दोनों अपहरणकर्ताओं को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पैर में गोली लगी है और इलाज कराया जा रहा है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों और बच्चा खरीदने वाले गिरोह की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

### मोबाइल ऑन रखना पड़ा भारी, पुलिस ने ऐसे दबोचा

करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को बाइक नंबर मिला। सर्विलांस टीम ने टॉवर डंप से मोबाइल नंबर ट्रेस किए। वारदात के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे थे, लेकिन मोबाइल ऑन होने के कारण पुलिस उनकी लोकेशन तक पहुंच गई। आंवला के अलीगंज रोड स्थित ग्राम फुलासी के पास पुलिस ने घेराबंदी की तो दोनों ने भागने की कोशिश की और मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में दोनों अपहरणकर्ताओं के पैर में गोली लगी और पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

### खरीदार ने लौटाया तो फंस गए अपहरणकर्ता

पुलिस जांच में सामने आया कि लखीमपुर का युवक खुद बच्चा नहीं लेना चाहता था, बल्कि उसने आगे पूर्वांचल के किसी व्यक्ति से डील कर रखी थी। मगर डेढ़ साल का बच्चा देखकर सौदा टूट गया। इसके बाद योगेश और पवन दूसरे ग्राहक की तलाश में भटकते रहे। इसी दौरान पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस कर ली।

# गर्भवती की संदिग्ध मौत से बवाल, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, एक साल पहले हुई थी लव मैरिज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली** । के कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी में बुधवार तड़के गर्भवती विवाहिता वंदिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई, मौत की खबर सुनते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पति और ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

मिलक मझारा निवासी कृष्णपाल के मुताबिक बुधवार सुबह करीब सवा तीन बजे फोन आया कि उनकी बेटी वंदिता की हालत खराब है। कुछ ही देर बाद बताया गया कि उसकी मौत हो चुकी है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग चौबारी गांव पहुंचे तो वहां चीख-पुकार मची हुई थी। बेटी का शव देख मां-बाप बदहवास हो गए।

**एक साल पहले किया था प्रेम विवाह**

परिजनों के अनुसार वंदिता ने करीब एक साल पहले चौबारी निवासी आकाश से प्रेम विवाह किया था। परिवार को उम्मीद थी कि बेटी खुश रहेगी, लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही विवाद शुरू हो गए। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते थे। मायके पक्ष का कहना है कि वंदिता गर्भवती थी और इसके बावजूद उसके साथ मारपीट की जाती थी। पिता कृष्णपाल ने आरोप लगाया कि बेटी कई बार प्रताड़ना की बात बता चुकी थी, लेकिन उन्होंने रिश्ते को बचाने के लिए समझौता कराया। आरोप है कि आखिरकार दहेज की लालच ने उनकी बेटी की जान ले ली।

### पति समेत छह लोगों पर हत्या का आरोप

कृष्णपाल ने पति आकाश, जगदीश, रूपदेई, विजय, उमेश और सचिन समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में चर्चा और तनाव का माहौल बना रहा। मायके पक्ष आरोपी परिवार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़ा रहा। कैंट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह साफ होगी।

# 30 मई को राजकीय आईटीआई में लगेगा रोजगार मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई 2026 को राजकीय आईटीआई पीलीभीत में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां श्रीराम पिस्टन्स एंड रिंग्स लिमिटेड, केआरएन हीट एक्सचेंजर एवं टाटा मोटर्स प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में नॉन टेक्निकल, टेक्निकल एवं डिप्लोमाधारी महिला और पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, दो फोटो एवं बायोडाटा की दो प्रतियों के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# न्यूरिया मल्लपुर में सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** तहसील क्षेत्र के न्यूरिया मल्लपुर गांव में सरकारी सड़क और स्वच्छ भारत मिशन के तहत रखे गए कूड़ेदान की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के कुछ दबंगों पर सार्वजनिक भूमि घेरने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने एसडीएम कलीनगर को शिकायती पत्र सौंपा है।

गोविन्द कुमार के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ रसूखदार लोग ग्राम समाज की जमीन और आम रास्ते पर कब्जा कर रहे हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की




धमकी भी दी जा रही है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मौके पर राजस्व और पुलिस टीम भेजकर पैमाइश कराई जाए तथा सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एसडीएम कलीनगर ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायत के दौरान गांव के कई लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में भाजपा नेत्री ने बांटा शरबत, राहगीरों को मिली राहत



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच रविवार को पाखी हॉस्पिटल परिसर में भाजपा नेत्री कामाक्षी शर्मा के नेतृत्व में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों, मरीजों और उनके परिजनों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई।

इस दौरान डॉ. प्रमोद शर्मा और समाजसेवी सीताराम दुबे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की ।भाजपा नेत्री कामाक्षी शर्मा ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा जनसेवा के कार्यों में आगे रहती है और जरूरतमंद लोगों की मदद करना ही उनका उद्देश्य है ।डॉ. प्रमोद शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को लू से बचाने के लिए पानी और शरबत जैसे पेय पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसे आयोजन समाज के लिए उपयोगी साबित होते हैं। लोगों ने कामाक्षी शर्मा के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वह क्षेत्र में लगातार सामाजिक और जनहित के कार्यों में सक्रिय रहती हैं।


# गरीबों के अनाज पर कोटेदार का 'डाका', एसडीएम-डीएसओ के छापे में राशन गायब

- सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का लाइसेंस सस्पेंड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आंवला कस्बे में सरकारी राशन की कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। मंगलवार को एसडीएम विदुषी और जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने उचित दर विक्रेता जमीर अहमद की दुकान पर अचानक छापा मारा तो दुकान बंद मिली और अंदर का नजारा देखकर अफसर भी हैरान रह गए। जून महीने का राशन वितरण शुरू होने के बावजूद दुकान के भीतर सरकारी खाद्यान्न की एक भी बोरी नहीं मिली। मौके पर मौजूद कार्डधारकों ने बताया कि उन्हें अभी तक राशन नहीं दिया गया है।

डीएसओ मनीष कुमार ने कहा कि बिना किसी वैध कारण के दुकान



बंद रखना और पूरा सरकारी राशन गायब मिलना यह साबित करता है कि खाद्यान्न की कालाबाजारी की गई है।

उन्होंने बताया कि आरोपी कोटेदार जमीर अहमद का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**25 मई से होना था वितरण**

खाद्य विभाग के निर्देश के मुताबिक 25 मई से जून महीने के राशन का वितरण शुरू होना था, लेकिन कार्डधारकों को अब तक अनाज नहीं मिला।

छापेमारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। राशनकार्ड धारकों ने दोषी कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### खिड़की से झांका तो उड़ गए होश

अधिकारियों ने जब दुकान की खिड़की से भीतर देखा तो पूरा स्टॉक गायब मिला। इसके बाद एसडीएम की मौजूदगी में दुकान का ताला तुड़वाकर अंदर भौतिक सत्यापन कराया गया। जांच में राशन का स्टॉक पूरी तरह शून्य पाया गया। अफसरों ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।

# बेटे-बहू की प्रताड़ना से टूटी मां, बहू की पिटाई के बाद खाया जहर, जिला अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के मलूकपुर में घरेलू कलह ने बुधवार को ऐसा दर्दनाक मोड़ ले लिया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बेटे और बहू की कथित प्रताड़ना से परेशान 58 वर्षीय अनुपम रस्तोगी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इमरजेंसी वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि इलाके में भी मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच बहू द्वारा महिला की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है।

**मकान को लेकर चल रहा था विवाद**

जिला अस्पताल में मौजूद अनुपम रस्तोगी के पति राजीव रस्तोगी ने बताया कि परिवार में लंबे समय से मकान को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि छोटा बेटा और उसकी पत्नी मकान पर कब्जा करना चाहते थे। इसी बात को लेकर आए दिन घर में झगड़ा और तनाव बना रहता था। राजीव रस्तोगी का कहना है कि कई बार बेटे और बहू ने उनके साथ अभद्रता और मारपीट भी की। मामले की शिकायत पहले भी किला थाने में की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिवार का आरोप है कि यदि समय रहते पुलिस सख्ती दिखाती तो शायद यह नौबत नहीं आती।

### वायरल वीडियो के बाद पुलिस हरकत में

घटना के बाद बहू द्वारा कथित पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने भी मामले का संज्ञान लिया है। किला थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जिला अस्पताल में अनुपम रस्तोगी का इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद परिवार में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है।

### बहू की पिटाई से आहत होकर उठाया कदम

बताया जा रहा है कि बुधवार को एक बार फिर घर में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान बहू ने अनुपम रस्तोगी के साथ मारपीट कर दी। इससे वह मानसिक रूप से टूट गईं और गुस्से व आहत अवस्था में घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के कुछ ही देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। उल्टियां और बेचैनी बढ़ने पर पति राजीव रस्तोगी और छोटी बेटी उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निगरानी में रखा है।

**गुस्सा** बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया

# टूटी सड़क, बजबजाते सीवर और गंदगी से फूटा गुस्सा, जाटव बस्ती के लोगों ने नगर निगम घेरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पुराने शहर के कटरा चांद खां स्थित जाटव बस्ती में विकास कार्य अधूरे छोड़ने का आरोप लगाते हुए बुधवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। डॉ. भीमराव आंबेडकर दलित उत्थान सेवा समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने नगर निगम पर दलित बस्ती के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपा।

समिति के अध्यक्ष सुनील सागर ने आरोप लगाया कि कई महीने पहले आंबेडकर भवन क्षेत्र और जाटव बस्ती की सड़क



को निर्माण के नाम पर तोड़ दिया गया था, लेकिन आज तक सड़क दोबारा नहीं बनाई गई। इससे पूरी बस्ती की हालत बदतर हो चुकी है। लोगों का कहना है कि आसपास के दूसरे इलाकों में सड़क निर्माण कार्य तेजी से पूरा कर लिया गया, लेकिन दलित आबादी वाले हिस्से को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

**टूटी सड़क और कीचड़ से लोगों का निकलना मुश्किल**

स्थानीय महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि टूटी सड़क के कारण रोजाना कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। बारिश और सीवर के पानी ने हालात और खराब कर दिए हैं। बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो गया है। लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बस्ती में सीवर लाइन लंबे समय से चोक पड़ी है, जिससे बदबू और गंदगी फैल रही है। इसके साथ ही साफ पेयजल की भी गंभीर समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है कि हालात ऐसे हो गए हैं कि संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है।

### सबका साथ, सबका विकास पर उठाए सवाल

समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास" नारे का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि आखिर दलित बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं से क्यों वंचित रखा जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई कि जाटव बस्ती की सड़क का निर्माण तत्काल पूरा कराया जाए, सीवर लाइन दुरुस्त की जाए और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन कर रहे नागरिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो मोहल्लेवासी बड़े स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

# वैभव की दीवानगी सात समंदर पार !

## डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार ड्रू मैकइंटायर ने जर्सी पहनकर पोस्ट की तस्वीर, पराग हैरान




**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी की लोकप्रियता अब क्रिकेट की सीमाओं को पार करती नजर आ रही है। डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार ड्रू मैकइंटायर ने वैभव की जर्सी पहनकर सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया, जिसने फैंस के साथ-साथ राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग का भी ध्यान खींचा। आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले से पहले यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। दूसरी ओर, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाला मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, जहां हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी।

आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अब सिर्फ क्रिकेट फैंस के बीच ही नहीं, बल्कि दूसरे खेलों की दुनिया में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार ड्रू मैकइंटायर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जिम में एक्सरसाइज करते नजर आए। खास बात यह रही कि उन्होंने इस दौरान वैभव सूर्यवंशी की जर्सी पहन रखी थी। मैकइंटायर ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'चोजन वन' यानी 'विशेष रूप से चुना गया इंसान'। इसके बाद यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने इसे वैभव के बढ़ते स्टारडम का बड़ा संकेत माना।

ड्रू मैकइंटायर की पोस्ट पर राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने भी मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, 'ओएमजीजीजी... याद नहीं मैंने 2K में कितने फ्यूचर शॉक डीडीटी लगाए हैं।' रियान का यह कमेंट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के आधिकारिक अकाउंट ने भी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'निश्चित तौर पर', यानी वैभव सच में 'विशेष रूप से चुने गए इंसान' हैं।

अब सभी की निगाहें राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होने वाले एलिमिनेटर मुकाबले पर हैं। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा, क्योंकि हारने वाली टीम सीधे टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, जबकि जीतने वाली टीम क्वालिफायर-2 में पहुंचेगी। वैभव सूर्यवंशी इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं और ऑरेंज कैप की रेस में भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। ऐसे में वह एलिमिनेटर में दमदार वापसी करना चाहेंगे।

## फ्रेंच ओपन में युवा सितारों का जलवा: 17 वर्षीय कुआमे ने रचा इतिहास; गॉफ-सबालेंका और ओसाका की दमदार शुरुआत



**धर्मशाला।** फ्रेंच ओपन 2026 में युवा खिलाड़ियों और बड़े उलटफेरों ने टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया है। 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी मोइज कुआमे ने अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू में पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को हराकर इतिहास रच दिया। वहीं मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ, विश्व नंबर-1 एरीना सबालेंका और जापान की नाओमी ओसाका ने जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में दानिल मेदवेदेव को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा।

मोयसे कुआमे ने फ्रेंच ओपन में अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू को यादगार बना दिया। 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारीन सिलिच को 7-6(4), 6-2, 6-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। रोलां गैरों में घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच कुआमे ने बेहद परिपक्व खेल दिखाया। विश्व रैंकिंग में 318वें स्थान पर मौजूद यह खिलाड़ी 2008 या उसके बाद जन्मे पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम मुकाबले में जीत दर्ज की है। वह 1991 के बाद रोलां गैरों में मैच जीतने वाले सबसे युवा फ्रांसीसी खिलाड़ी भी बने। मैच के बाद कुआमे ने कहा, 'मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा था। हमने टीम के साथ रणनीति पर बहुत काम किया था। यहां के माहौल और दर्शकों को मैं पहले से थोड़ा जानता था, इसलिए आत्मविश्वास बना रहा।' मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने हमवतन टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। हालांकि मैच की शुरुआत गॉफ के लिए आसान नहीं रही और टाउनसेंड ने शुरुआती गेम में उनकी सर्विस तोड़ दी थी। लेकिन इसके बाद गॉफ ने शानदार वापसी की और मैच के आखिरी 12 में से 11 गेम जीत लिए। दूसरे सेट में टाउनसेंड एक भी गेम नहीं जीत सकीं। गॉफ ने लगातार सातवीं बार फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई है।

विश्व नंबर-1 अरीना सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बौजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। गर्म मौसम और तेज क्ले कोर्ट पर सबालेंका ने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाया। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'इस समय खेल का सबसे मजेदार हिस्सा यही है कि मैं नेट पर आकर अंक जीत पा रही हूं। मैंने अपने खेल के इस हिस्से में काफी सुधार किया है और इस पर गर्व है।'

## एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता रणधीर सिंह का निधन, भारतीय खेल जगत में शोक की लहर



**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत के दिग्गज प्रशासक और एशियाई खेलों में भारत के पहले शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। हाल ही में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। उनके निधन से भारतीय खेल जगत में शोक की लहर है।

भारतीय खेल जगत के वरिष्ठ प्रशासक और एशियाई खेलों में भारत के पहले शूटिंग स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का बुधवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। बताया गया है कि वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। बाद में उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। रणधीर सिंह ने हाल ही में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें वर्ष 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए ओसीए का अध्यक्ष चुना गया था। वह लंबे समय तक एशियाई और भारतीय खेल प्रशासन से जुड़े रहे और खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रणधीर सिंह के निधन की खबर सामने आने के बाद खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। खिलाड़ियों, खेल प्रशासकों और खेल प्रेमियों ने उनके योगदान को याद किया। भारतीय खेलों में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

### शूटिंग में रचा था इतिहास

रणधीर सिंह भारत के पहले ऐसे निशानेबाज थे जिन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। उनकी इस उपलब्धि को भारतीय शूटिंग के इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। खेल प्रशासन में आने के बाद भी उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों और खेल संगठनों के लिए लगातार काम किया।

## पीसीबी से क्यों नाराज हैं पाकिस्तानी खिलाड़ी?



**कराची।** पाकिस्तान के कई खिलाड़ी, खासकर तेज गेंदबाज, लंबे समय से टीम के साथ जुड़े फिजियो क्लिफ डीकन को हटाए जाने से नाखुश हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से अपने इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील की है।

डीकन को ऑस्ट्रेलिया की नेशनल क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान के सपोर्ट स्टाफ से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर बोर्ड ने इफ्तिखार अहमद को टीम का नया फिजियो नियुक्त किया है। 'टेलीकॉम एशिया' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कदम से कई खिलाड़ी निराश हैं, क्योंकि डीकन लंबे समय से राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़े हुए थे।

45 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी फिजियो साल 2017 से पाकिस्तानी टीम से जुड़े थे। ड्रेसिंग रूम में उन्हें काफी सम्मान की नजर से देखा जाता था, खासकर तेज गेंदबाजों के बीच, जिन्हें व्यस्त अंतरराष्ट्रीय शेड्यूल के दौरान वर्कलोड और फिटनेस से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

भले ही पीसीबी ने डीकन को हटाए जाने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया, लेकिन रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि हाल ही में नियुक्त किए गए 'स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन' के डायरेक्टर जावेद मुगल टीम में बार-बार होने वाली चोटों की समस्या से असंतुष्ट थे और उन्होंने इसके लिए डीकन को जिम्मेदार ठहराया।

रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, '(जावेद) मुगल ने डीकन को टीम छोड़ने का आदेश दिया था। दूसरे टेस्ट मैच के बाद मैदान पर डीकन के लिए एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वह काफी भावुक हो गए उन्होंने टीम के अधिकतर खिलाड़ियों को गले लगाया।' हालांकि, खिलाड़ियों ने इस आकलन से असहमति जताते हुए टीम में डीकन की भूमिका का बचाव किया। उनका तर्क था कि खिलाड़ियों के लंबे समय तक चलने वाले रिहैबिलिटेशन से जुड़ी जिम्मेदारियां सीधे तौर पर फिजियो के नियंत्रण में नहीं आतीं।

## वैभव ने तोड़ा क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड

**मुल्लांपुर।** वैभव सूर्यवंशी ने हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए क्रिस गेल का महारिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले गेल ने आईपीएल 2012 में 59 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में आज राजस्थान रॉयल्स की टक्कर सनराइजर्स हैदराबाद से हो रही है। इस अहम मुकाबले में सबसे ज्यादा नजरें 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पर टिकी हैं। बिहार के इस विस्फोटक बल्लेबाज के पास टी20 क्रिकेट के महान बल्लेबाज क्रिस गेल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक आईपीएल सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

वैभव सूर्यवंशी ने हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए क्रिस गेल का महारिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले गेल ने आईपीएल 2012 में 59 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। इस दौरान वैभव आईपीएल में 20 से कम गेंदों में सबसे ज्यादा बार अर्धशतक पूरा करने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने निकोलस पूरन की बराबरी कर ली। दोनों ने पांच बार आईपीएल में 20 से कम गेंदों में अर्धशतक पूरे किए हैं। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर हैदराबाद के ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने छह बार यह कारनामा किया है।

## उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़े उतार-चढ़ाव के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के बाद सेंसेक्स 141.90 (-0.18%) अंकों की गिरावट के साथ 75,867.80 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 6.55 (-0.03%) अंक टूटकर 23,907.15 के स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और भारतीय रुपये की कमजोरी का सीधा असर बुधवार को घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला। दिन भर चले भारी उतार-चढ़ाव के बाद बाजार लाल निशान पर बंद हुआ।

पं. राजेन्द्र प्रसाद स्मारक कॉलेज ऑफ फार्मेसी
कैंपस : कजरी निरंजनपुर, पूरनपुर खुटार रोड, पूरनपुर (पीलीभीत)
फार्मेसी के क्षेत्र में
अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
वो भी सबसे कम फीस में!
D.PHARM
SESSION : 2026-27
B.PHARM
SESSION : 2026-27
JEECUP REGISTRATION बिल्कुल FREE
आज ही हमें कॉल करें और कोर्स से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें
Free Registration के लिए अभी सम्पर्क करें
+91 6398097339, +91 9548012113

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

A Unit of Vidya Bharti Akhil Bhartiya Shiksha Sansthan
Ram Swaroop Ram Dulari
SARASWATI VIDYA MANDIR SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to C.B.S.E., Delhi)
Congratulations
CLASS XII TOPPERS - 2025-26
93.4% KASHIFA KHAN
91% NIRDOSH BHARTI, 88.2% ASMITA SHARMA, 87.2% PRIYA PRAJAPATI, 86.4% AAVESH SINGH CHAUHAN, 85.2% ANANT YADAV, 85.2% ARMEESH BEE
WINSOMI BHADAURIA, ABHIRAJ MISHRA, AARYAN SAINI, NAVYA YADAV, RAJAT SHARMA, ARCHIT KUSHWAHA, ASHUTOSH SHUKLA, SHOURYA SAXENA, KANIKA SAROJ
CLASS X TOPPERS - 2025-26
93.2% ANUBHAV PRAJAPATI
93% ADITYA, 92.4% ARNAV PATEL, 92.2% MANASVI SINGH, 92.2% ZIYA FATIMA, 91.6% DIVYANSH AWASTHI, 91.2% NAVEEL KHAN
91.2% PALAK VERMA, 90.6% AFSA BEE, 89.8% KESHAV SHARMA, 88.6% VINAYAK SRIVASTAV, 88.2% AKSHRA SINGH, 88.2% PARUL YADAV, 87.6% ADNAN KHAN, 87.2% ABHINAV PAL
86.6% SAKSHI, 86% NANDINI, 84.8% AARUSHI GUPTA, 84% AAYUSH MISHRA, 84% ASHISH VERMA, 82.6% ASHISH VERMA, 82.4% KARTIK MISHRA, 81.8% ABHISHEK KUMAR VERMA, 81.6% SURYANSH, 81.4% Tarit Mallik, 80.8% ANUSHEK KUMAR, 80% SHOURYA SHUKLA
Requires Session 2026-27
PGT- Physical Education-01 (Female) TGT- Hindi-01 , English-01, S.Std. -01
PRT- All Subjects, Computer- 01, PTI- 01 (Male)
Music Teacher - 01 , Lab Assistant (Physics-01, Chemistry- 01, Biology-01, Computer-01)
Other Staff- Gate Keeper-01, Gardener -01
Note- Qualification is must as per C.B.S.E. Board Norms with B.Ed. fluency in English is must with basic knowledge of Computer. Salary negotiable as per qualification & performance
Age- Under 40 years preferable.
Send your CV at- rsrdsvmpnp@gmail.com or submit at office in school timing 08:00 am to 12:00 Noon till 15th June 2026. Written Exam & Interview in last week of June at 09:00 am in Senior wing Opp. Jaswanti Rice Mill, Puranpur.
Contact No. 7302181050 (Principal)
100 % RESULT
L.I.C. Office Road, Puranpur (Pilibhit) Mob. 7302181050
Mr.Keshav Kumar Gupta, President
Mr.Harsh Kumar Gupta, Manager
Mr. Devesh Kumar Agarwal, Treasurer
Mr. Saurabh Varshney, Principal

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।